दैनिक
जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 57 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 17 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# वागड़ क्षेत्र और जनजाति लोगों के विकास और कल्याण के लिए सरकार समर्पित, अभियान चलाकर लोगों को पट्टा दिया जाएगा : भजनलाल शर्मा

***मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बेणेश्वर धाम में आयोजित जनजाति गौरव समारोह में 1902 करोड रुपए के 326 विकास कार्यों का शिलान्यास किया, कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, हेमंत मीना, गौतम कुमार, सांसद सीपी जोशी, विधायक चंद्र कृपलानी, फूल सिंह, शंकर लाल, प्रताप सिंह, कैलाश मीणा, शांता देवी, गोपीचंद मीणा और भाजपा के संगठन से जुड़े लोग रहे शामिल, बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के युवा और महिलाएं मौके पर पहुंची, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता में लगे चार चांद***

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को डूंगरपुर में विश्व विख्यात धार्मिक स्थल बेणेश्वर धाम में आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में वागड़ क्षेत्र में 1902 करोड रुपए लागत के 326 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार ने अब तक के कार्यकाल में वागड़ क्षेत्र और जनजाति क्षेत्र के लोगों के कल्याण और भलाई के लिए कई तरह की योजनाएं शुरू की है। करोड़ों रुपए के विकास कार्य संचालित किया जा रहे हैं और आने वाले दिनों में भी सरकार वागड़ क्षेत्र और जनजाति क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने सभा में कहा कि सरकार आगामी 19 मार्च से राजस्थान दिवस के अवसर पर बागड़ क्षेत्र में वन भूमि पर बसे लोगों को अभियान चलाकर पट्टा जारी करेगी इसके लिए क्षेत्र के 18 जिलों में विशेष वन प्रकोष्ठ का गठन करके लोगों को पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सालों से वन भूमि पर बसे लोगों को पट्टा देने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि पट्टा मिलने के बाद लोगों को एक तरफ जहां किसान सम्मन निधि की सहायता राशि मिलने लग जाएगी तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं का फायदा भी मिल सकेगा और ऋण भी हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बांसवाड़ा डूंगरपुर प्रतापगढ़ इत्यादि जिलों में लोगों के नाम राजस्व रिकॉर्ड और खातेदारी में अंकित नहीं है जिसकी वजह से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है और सरकार की योजनाओं का भी ठीक तरह से फायदा नहीं मिलता इन सभी जिलों में सरकार अब खातेदारी और राजस्व रिकॉर्ड में लोगों के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पर काम करेगी ताकि इस मामले में सालों से चली आ रही लोगों की समस्याएं दूर हो सके।





## हर गांव और नगर निकाय का रोड मैप तैयार करके किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि 19 मार्च से राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार अब प्रदेश के सभी जिलों में हर गांव और हर नगर निकाय का रोड मैप तैयार करके विकास कार्यों की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में युवाओं और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में भी योजना तैयार की जाएगी ताकि युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो सके उन्होंने कहा कि सरकार हर ग्राम पंचायत और नगर निकाय को विकसित बनाने की दिशा में गंभीरता से काम शुरू करने जा रही है इसके लिए हर गांव और नगर निकाय की आवश्यकता और वहां लोगों की समस्याओं के आधार पर रोड मैप तैयार करके विकास कार्यों को संपादित किया जाएगा।

## पीएम मोदी की पहल से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पूरे देश भर में व्यापक पैमाने पर कार्यक्रम हुए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और देश के विकास में जनजाति समाज के लोगों का अन्य समाज के लोगों की तुलना में ज्यादा योगदान रहा है जनजाति समाज में अनेकों वीर पुरुष और वीरांगनाएं पैदा हुई हैं जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ भी धनुष उठाया और जंगल धरती और वनों की रक्षा की यहां किसी पर कब्जा नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के लोगों ने आजादी से पहले और आजादी के बाद देश के विकास और कल्याण में बड़ी भूमिका निभाई है लेकिन जनजाति समाज के वीर महापुरुषों को पिछली सरकारों ने पहचान नहीं दी । जनजाति समाज में बिरसा मुंडा जिन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है उन्हें भी पिछली सरकारों ने पहचान नहीं दी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया जिसके माध्यम से पूरे देश भर में विभिन्न तरह के कार्यक्रम गांव-गांव और ढाणी ढाणी में आयोजित हुए। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जनजाति क्षेत्र के जांबाज वीर योद्धाओं और वीर महापुरुषों का सम्मान करती है और उन्हें पहचान दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है ताकि आज की पीढ़ी उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर समाज प्रदेश और देश की सेवा कर सके इसीलिए आज जनजाति गौरव दिवस के रूप में यहां इतना बड़ा विशाल कार्यक्रम राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है क्योंकि राजस्थान के नवनिर्माण में जनजाति समाज का बड़ा योगदान रहा ।

## बेणेश्वर धाम में 130 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाएगी सरकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार वागड़ क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों धर्म स्थलों का समुचित विकास करवाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है इसके लिए बजट में करोड़ों रुपए आवंटित किए गए हैं चाहे वह त्रिपुरा सुंदरी माता का मंदिर हो या फिर बेणेश्वर धाम या फिर ऋषभदेव मंदिर या फिर सीता माता का मंदिर सभी बागड़ क्षेत्र के धार्मिक स्थलों और मंदिरों में सरकार की ओर से व्यापक पैमाने पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बेणेश्वर धाम में भी 130 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे । यहां पर घाटों का निर्माण किया जाएगा और इस धार्मिक स्थल को नया लुक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब यहां आए थे तो उन्होंने यहां विकास कार्यों का शिलान्यास किया था आज उसी कड़ी में यहां विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में भी हमने बेणेश्वर धाम और अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करने की बात कही थी और आज हम उसे वादे को पूरा कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में बागड़ क्षेत्र और जनजाति क्षेत्र के लोगों के कल्याण और विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे कार्यों का बाकायदा जिक्र किया। विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और यह बताने का प्रयास किया की जनजाति क्षेत्र के युवाओं किसान महिला के लिए सरकार कितनी समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जनजाति क्षेत्र में एक तरफ जहां आंगनबाड़ी केदो की संख्या बढ़ाई गई है तो दूसरी तरफ जनजाति क्षेत्र के छात्रावास और खेल अकादमियों में मेस अलाउंस की राशि में बढ़ोतरी करने की बात कही इसके अलावा जनजाति क्षेत्र के 5000 युवाओं को रोजगार के लिए ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने की बात कही तथा जनजाति क्षेत्र में पानी बिजली सड़क चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और मजबूती प्रदान करने की दिशा में भी सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सरकार जनजाति क्षेत्र पर पूरा फोकस रखे हुए हैं और इस क्षेत्र का पर्यटन के रूप में भी विकसित करने के लिए सरकार ने एक बड़ा रोड मैप तैयार किया है ताकि यहां रोजगार के अवसर पैदा हो सके और इलाके में विकास का एक नया माहौल पैदा हो ।

### जनजाति क्षेत्र और जनजाति के लोगों को विकास की दृष्टि से पीछे रखा गया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि यह बड़े अफसोस का विषय है कि जनजाति समाज के लोगों ने आजादी से पहले और आजादी के बाद धरती जंगल और वनों के संरक्षण और विकास के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया अंग्रेजों के खिलाफ धनुष उठाया और अंग्रेजों को वनों पर कब्जा नहीं करने दिया मानगढ़ धाम में जनजाति समाज के हजारों लोगों ने अपने स्वाभिमान और वनों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी लेकिन जितना विकास और जितना सम्मान जनजाति क्षेत्र के लोगों को मिलना चाहिए उतना उन्हें नहीं मिला और विकास की दृष्टि से पिछली सरकारों ने जनजाति समाज और वागड़ क्षेत्र को काफी पीछे रखा लेकिन हमारी भाजपा की सरकार वागड़ क्षेत्र और जनजाति समाज के लोगों के कल्याण और विकास को प्राथमिकता दिए हुए हैं।

# दिल्ली से फिर प्रदेश के लिए मोटी व्यवस्था करके जयपुर लौट आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय वित्त मंत्री भी प्रदेश सरकार की परफॉर्मेंस से खुश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का एक बार फिर से दिल्ली दौरा प्रदेश के विकास और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हुआ है । रविवार को दिल्ली दौरे में भजन लाल शर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के दौरान प्रदेश में केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न विकास कार्य के प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और यह बताया कि केंद्र से मिलने वाले एक-एक पैसे का राजस्थान के विकास में सदुपयोग किया जा रहा है और केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग से प्रदेश में जितने भी विकास प्रोजेक्टों पर निर्माण कार्य चल रहा है उन सब प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य संचालित हो रहा है। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने एक-एक प्रोजेक्ट और एक-एक योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में केंद्रीय वित्त मंत्री को विस्तार से जानकारी दी करीब 45 मिनट तक मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी योजनाओं और प्रोजेक्ट की गतिविधियों



और आगामी दिनों में होने वाले कारों और विकास प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से बताया तथा जिन-जिन योजनाओं और प्रोजेक्ट में आने वाले दिनों में केंद्र से आर्थिक सहयोग की जरूरत है उनके बारे में भी शर्मा ने प्रभावी रूप से राजस्थान का पक्ष रखा मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से प्रदेश सरकार के कार्यों और प्रोजेक्ट के बारे में दिए गए। फीडबैक को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री ने काफी खुशी और संतुष्टि जताई और सरकार को आगे भी हर संभव केंद्र से आर्थिक सहयोग का वादा किया इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने एसएएससी आई स्कीम के तहत केंद्र से मिलने वाली राशि को लेकर केंद्र सरकार का और वित्त मंत्री का गहरा आभार प्रकट किया। जानकारी के अनुसार केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात के दौरान भजन लाल शर्मा ने बाड़मेर की रिफाइनरी, जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण केकार्य, रामसेतु जल परियोजना, जल जीवन मिशन और वीबी रामजी योजना, यमुना जल समझौता इत्यादि को लेकर भी चर्चा की, जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश में विकास कार्यों को और गति देने की दिशा में पूरी जी जान से जुट गए हैं और केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश के अनुसार प्रदेश सर्वांगीण विकास और हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने में जुटे हुए हैं उन्हें जैसे ही यह लगता है कि इस विषय पर केंद्र में इस विभाग के मंत्री से तत्काल मिलकर सहयोग लेना है या किसी विषय पर समाधान निकालना है तो वह तुरंत बिना देर किए दिल्ली चले जाते हैं और वहां संबंधित मंत्री से अपनी बात मनवा कर ही जयपुर लौटते हैं रविवार को भी जिस मकसद से और जिस लक्ष्य के साथ भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात की वह लक्ष्य और मकसद पूरा करके ही वे जयपुर लौटे हैं ।

# प्रशासनिक दक्षता और साहित्य सृजन और लेखन का अद्भुत संगम है जयपुर कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी


**देश का सर्वोच्च राजकीय साहित्यिक सम्मान हासिल करके जिला कलेक्टर सोनी ने राजस्थान का बढ़ाया गौरव, सोनी लिखित राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' को वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी अपनी कार्य कुशलता, अपनी सुदृढ़ प्रशासनिक क्षमता और दक्षता, अपने नवाचार, निर्णय लेने की क्षमता से तो सबको प्रभावित और चकित कर ही रहे हैं। इसके अलावा यह नौजवान कर्मठ आईएएस साहित्य लेखन और साहित्य सृजन में भी अपनी अमिट छाप छोड़े हुए हैं, इनकी लेखनी की चर्चा राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश और देश से बाहर जो लोग हिंदी और राजस्थानी साहित्य में रुचि रखते हैं वे सब सोनी के साहित्य संग्रह का रसपान के बिना नहीं रहते। अब जिस तरह से सोनी के राजस्थानी भाषा में चर्चित कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है उससे यह साफ हो गया है कि सोनी सिर्फ प्रशासनिक कुशलता और दक्षता में ही पारंगत नहीं है बल्कि साहित्य लेखन में भी बुलंदियों को छुआ है, देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष 24 मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट कृतियों को यह सर्वोच्च राजकीय साहित्यिक सम्मान प्रदान




किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र तथा प्रतीक-चिह्न प्रदान किया जाता है। साहित्य अकादमी पुरस्कार भारतीय साहित्य जगत का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कार की घोषणा के साथ ही राजस्थानी साहित्य जगत में प्रसन्नता और हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया है। विभिन्न साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, पाठकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने डॉ. सोनी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए इसे राजस्थान और राजस्थानी भाषा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि करार दिया है। सोनी एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ संवेदनशील और प्रतिबद्ध साहित्यकार के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। यही कारण है कि प्रशासनिक दायित्वों की व्यस्तताओं के बीच भी उन्होंने साहित्य सृजन की अपनी साधना को निरंतर जारी रखा है। उनकी लेखनी में समाज, लोकजीवन, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन यथार्थ का सशक्त एवं प्रभावी चित्रण देखने को मिलता है। राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में सक्रिय डॉ. सोनी कहानी, कविता, डायरी लेखन तथा अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर सृजनरत हैं। अब तक उनकी 15 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पाठकों और साहित्यिक समीक्षकों द्वारा व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। उनकी रचनाओं में लोक संस्कृति की गहरी समझ, मानवीय संबंधों की सूक्ष्म संवेदनाएँ तथा सामाजिक यथार्थ का जीवंत चित्रण प्रतिबिंबित होता है। डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की कहानी संग्रह 'भरखमा' राजस्थानी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियों में गिनी जाती है। इस संग्रह की कहानियाँ ग्रामीण परिवेश, मानवीय रिश्तों, जीवन संघर्ष और सांस्कृतिक मूल्यों को अत्यंत मार्मिक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती हैं। इस कृति की लोकप्रियता का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि इसी कहानी पर आधारित राजस्थानी फिल्म 'भरखमा' का भी निर्माण किया जा चुका है, जिसने क्षेत्रीय सिनेमा और साहित्य दोनों को नई पहचान प्रदान की है। डॉ. सोनी को इससे पूर्व भी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में राजस्थानी कविता संग्रह 'रणखार' के लिए साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली का युवा पुरस्कार उन्हें प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त हिन्दी कविता संग्रह 'रेगमाल' के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर का 'सुधींद्र पुरस्कार' तथा राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर का 'मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार' सहित कई महत्वपूर्ण सम्मान उन्हें मिल चुके हैं। 29 नवंबर 1981 को ग्राम धन्नासर, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) में जन्मे डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी वर्तमान में जयपुर के जिला कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
17 मार्च, 2026

# जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. मीणा ने ली अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के लिए समर कंटेंजेंसी अनुसार प्रबंधन करने एवं स्वीकृति कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर गति देवें - जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल सप्लाई, विद्युत आपूर्ति एवं चिकित्सा प्रबंधन, एलपीजी गैस आपूर्ति प्रबंधन, बजट घोषणाओं, विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा मौजूद रहें। जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आपसी विभागीय समन्वय स्थापित कर ग्रीष्म ऋतु में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की समुचित तैयारी रखें, बजट घोषणाओं को निश्चित समयावधि में धरातल पर उतारे एवं विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने दोनों जिले की पेयजल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि समर कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार गांव एवं कस्बों में प्रभावी मॉनिटरिंग कर पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करें एवं इमरजेंसी वर्कस की संपूर्ण प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करावें, ताकि गर्मी के दौरान आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने ईआरसीपी योजना, भरतपुर-चम्बल पेयजल योजना, ईसरदा योजना, जल जीवन मिशन, बजट घोषणाओं एवं अमृत 2.0 योजना में प्रगति का फीडबैक लेकर पेयजल कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने दोनों जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा कर अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत बजट घोषणाओं एवं अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र मूर्त रूप देवें। उन्होंने आरडीएसएस एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का फीडबैक लेकर लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खैरथल-तिजारा जिले के मुण्डावर क्षेत्र के चिरोनी में 220 केवी जीएसएस की स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति तथा पेट्रोल व डीजल व्यवस्था का जिला रसद अधिकारी से फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि घरेलू गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व व्यावसायिक उपयोग पर प्रभावी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव की तैयारियों की समीक्षा कर सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं शिकायतों का आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शहर में पेयजल के संबंध में बजट घोषणाओं जिनमें सिलीसेढ पेयजल योजना, भरतपुर-चम्बल परियोजना, किशनगढबास की पेयजल स्कीम इत्यादि की प्रगति का फीडबैक लेकर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर की बजट घोषणाओं यथा सीएचसी शिवाजी पार्क, दिवाकरी, रूपबास, आरआर कॉलेज जीएसएस एवं कन्या पोलॉटेक्निक महाविद्यालय के कार्य की प्रगति का फीडबैक लेकर समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल कार्यों, बजट घोषणाओं में प्रगति, राजोरगढ सडक निर्माण कार्य, प्रतापगढ सीएचसी में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने इत्यादि के बारे में अवगत कराया। राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीणा ने पीएचसी बिचगांव, पाडा, सब सेंटर फिरोजपुर व मांगलबास, जामडोली जीएसएस निर्माण, पिनान में ट्रोमा सेंटर निर्माण कार्य को गति देने इत्यादि के बारे में अवगत कराया।

बैठक में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगीलाल मीणा, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, पूर्व विधायक जयराम जाटव, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा शिवपाल जाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, यूआईटी सचिव धिगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद सैनी, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता राधे श्याम बंसल सहित अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 51 हजार 855 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 28 हजार 335 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे पेंशनर्स जिनका खाता राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से राजस्थान ग्रामीण बैंक में परिवर्तित हुआ है और उन्होंने अभी तक अपने पेंशन पीपीओ में खाता अपडेट नहीं करवाया है, वे कार्यालय में सम्पर्क कर अपना खाता अपडेट करवाएं। अन्यथा पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो पाएगा।

## अखिल भारतीय हरियाणा गोड़ ब्राह्मण महासभा अलवर द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा समिति अलवर द्वारा नगली सर्किल स्थित श्री सिद्धिविनायक मैरिज होम अलवर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में महिला, बच्चों एवं पुरुष समाज बंधुओ द्वारा होली के गीतों के साथ संगीतमय फूलों की होली खेली, होली कार्यक्रम पश्चात सभी समाज बंधुओ द्वारा स्वादिष्ट भोजन किया है, होली मिलन समारोह के अवसर पर अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व शहर अध्यक्ष योगेश चंद शर्मा लखपत राम शर्मा, डॉ जे एस शर्मा, सुरेश चंद शाह, गंगा सहाय शर्मा, गिरिराज प्रसाद शर्मा, जयकिशन शर्मा, नरेश शर्मा, राम अवतार शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुखपाल शर्मा, हुकुमचंद शर्मा, दिनेश शर्मा, खेमचंद शर्मा, किशन लाल शर्मा, सुनील शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेश शर्मा, भारत शर्मा, त्रिलोकचंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, महेश शर्मा, नरेश शर्मा, हरिओम शर्मा, संतोष शर्मा ललित शर्मा, योगेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, सतीश शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस-2026- 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) मेले में आमजन बढचढकर कर रहे हैं हस्तशिल्प उत्पादों की खरीददारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान दिवस-2026 के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा होटल मयूर में आयोजित पाँच दिवसीय 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी एवं मेले के दूसरे दिन बडी संख्या में आमजन ने पहुंचकर हस्तशिल्प उत्पादों की खरीददारी की। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी व मेला जिले के ऑटो कम्पोनेंटस उत्पाद, हस्तशिल्पयों द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पाद यथा मौलिया के टेराकोटा उत्पाद, नागरा जूती, वुडन ब्लॉक पेंटिंग, वुडन क्राफ्ट, मार्बल हैण्डीक्राफ्ट, जूट के हैण्ड बैग्स व दरिया, खादी उत्पाद व एमएसएमई इकाइयों सीबा मसाला के मसाले, निर्मल इण्डस्ट्रीज का सरसों का तेल, जयंती फूड प्रोडक्टस के नमकीन व कोल्ड ड्रिंक्स एवं मार्वल सेरेमिक्स के सिरेमिक्स उत्पाद (कप व प्लेट) प्रदर्शनी के खासा आकर्षण के केन्द्र है। प्रदर्शनी में अलवर जिले के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पाद उचित दरों पर मिल रहे है। लोगों का उत्पादों का विपणन करने हेतु अच्छा रुछान हो रहा है। आमजन 19 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे तक आमजन अपने परिवार सहित प्रदर्शनी में पहुंचकर हस्तशिल्प उत्पादों को खरीद सकते हैं।

## खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** खुरपका- मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय पशुधन रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सातवें चरण के तहत सोमवार को श्री हरि सिद्धि गौशाला में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। गौशाला संचालक त्रिलोकीदास महाराज ने बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में उपनिदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. संजीव कुमार सिंघव एवं डॉ. गणेश कुमार गर्ग का स्वागत किया तथा चिकित्सक दल का अभिनंदन कर अभियान में सहयोग दिया। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत, सरदार चौधरी सहित गौशाला समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। टीकाकरण दल में पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, पशुधन निरीक्षक लोकेश दंबीवाल, रामनिवास भटेसर तथा हजारी मीणा ने सहयोग किया। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के पशुओं को खुरपका, मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं।

## खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूकता के लिए वॉकथॉन व मिलेट मेला का हुआ आयोजन





जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** खाद्य सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में स्वस्थ खान-पान तथा मोटे अनाज (मिलेट) के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को वॉकथॉन एवं मिलेट मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के लिए स्वीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह 8:30 बजे वॉकथॉन रैली का शुभारंभ जिला कलक्टर कार्यालय खैरथल से अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, हरसोली रोड परिसर तक पहुंची।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रैली के पश्चात अस्पताल परिसर में मिलेट मेले का आयोजन किया गया। मेले में मोटे अनाज के पोषण महत्व, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ खान-पान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही 300 प्रतिभागियों को मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन चखाए गए। जिसमें मूंग से बना सलाद, चनों का सलाद, बाजरे की खिचड़ी और टिक्की छाछ जैसे चीजे परोसी गई तथा उन्हें बनाने की विधि की जानकारी भी दी गयी। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा मिलेट आधारित खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ पूरणमल, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ रुपेश चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी खैरथल डॉ नितिन, तिजारा नर्सिंग कॉलेज से मनोज यादव, राजकुमार, मुकेश, मेडिकल स्टाफ से मनोज चौधरी, अनिल यादव, मोहित चौधरी, प्रवीण कुमार, अमनप्रीत, सौरभ कुमार,अभिमन्यु, पवन सिंह, महिपाल सिंह, जतिन यादव और राकेश मौजूद रहे।

## *खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का Fostac प्रशिक्षण आज, फूड लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा*

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को अग्रवाल धर्मशाला बस स्टैंड अलवर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त ट्रेनिंग दो बैच में दी जाएगी जिसमें एक बैच का सेशन करीब डेढ़ घंटे का रहेगा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण-पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं उसके सदस्य सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल-रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले,दूध विक्रेता और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। एफएसएसएआई के अनुसार उक्त प्रशिक्षण सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के द्वारा किया जाना आवश्यक है उक्त प्रशिक्षण में खाद्य व्यापारियों को एवं विभिन्न फूड हैंडलर्स को जो कि खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं निर्माण में भाग लेते हैं उनको fssa 2006 के नियमों की जानकारी प्रदान की जाएगी एवं खाद्य पदार्थों को किस प्रकार एवं कैसे स्वास्थ्याप्रद वातावरण में निर्मित किया जाए एवं रखा जाए उसके बारे में शिक्षित किया जाएगा जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य कारोबारीयों को रीयूज्ड बुकिंग आँयल (RUCO) के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके तहत रोड साइड वंडर्स (Street vendors) जो की नमकीन कचोरी समोसे आदि खाद्य पदार्थों को खाद्य तेल में तलकर लोगों को परोसने का काम करते हैं उनको बताया जाएगा कि एक ही तेल को बार-बार गर्म करने से उसमें टीपीसी की मात्रा अधिक होने के कारण उससे शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी एवं जो तेल खराब हो जाता है एवं जिसकी टीपीसी अधिक हो जाती है उसका उपयोग/निस्तारण किस तरह किया जाए इसके बारे में उनको जानकारी दी जाएगी, इसके साथ ही खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया जायेगा। जिन खाद्य व्यापारियों को अपना फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन बनवाना है, वे प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और स्वयं कर फोटो साथ लेकर आएं। सभी फूड हैंडलर्स को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

## यूपीएससी में 39वीं रैंक हासिल करने वाले रोहिन जाखड़ का जिला कलेक्टर ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम 2025 में 39वीं रैंक हासिल करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवा रोहिन जाखड़ को सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने रोहिन जाखड़ को माला पहनाकर एवं साफा बांधकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि रोहिन जाखड़ की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सफलता से जिले के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए सदैव आमजन के हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए और जरूरतमंद तथा समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों की सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, जिला कोषाधिकारी डॉ. सतीश खेदड़, एपीआरो विकास चाहर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही रोहिन जाखड़ के पिता जयपाल जाखड़ माता प्रमोद देवी, छैलूराम खेदड़, रामेश्वर बाटड़, प्रीतम भी मौजूद रहे।

## बड़कोलाई गांव में झोपड़ी में लगी भीषण आग, चार मवेशी झुलसे

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं उपखंड क्षेत्र के बडकोलाई गांव में पशुओं के एक कच्चे झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही चौमूं से दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस आगजनी में पशुओं का रखा हुआ चारा, घरेलू सामान और पशु आहार जलकर राख हो गया। अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ ने बताया कि यह आग महादेव शर्मा पुत्र मांगीलाल शर्मा के कच्चे घरों में लगी थी। जिसमें करीब 50 मण चारा भी जलकर राख हो गया। आग लगने के दौरान चार पशु भी झुलस गए। जिनका मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार किया।



ग्रामीणों ने भी दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने में मदद की। काफी मशक्कत करने के बाद भी आग की लपटे उठती रही। जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया।

# जिला कलक्टर ने किया गैस एजेन्सियों का औचक निरीक्षण

### स्टॉक, वितरण एवं बुकिंग आदि व्यवस्था का लिया जायजा

### उपभोक्ताओं से संवाद कर फीडबैक लिया, रसद विभाग की टीम रही मौजूद





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रसद विभाग की टीम के साथ शहर में अल्कापुरी स्थित अम्बेश गैस एजेन्सी एवं मालवीय नगर स्थित मॉर्डन गैस एजेन्सी का औचक निरीक्षण कर स्टॉक, वितरण एवं बुकिंग व्यवस्था का जायजा लिया तथा वहां मौजूद उपभोक्ताओं से गैस वितरण व्यवस्था के संबंध में संवाद कर फीडबैक लिया।

जिला कलक्टर ने अम्बेश गैस एजेन्सी एवं मॉर्डन गैस एजेन्सी का निरीक्षण कर एलपीजी गैस सिलेंडर के स्टॉक की उपलब्धता, बुकिंग की संख्या व गैस सिलेंडर डिलीवर किए जाने की अंतिम तारीख एवं गैस सिलेंडर के वेटिंग पीरियड आदि का जायजा लिया, जिस पर सभी व्यवस्थाएं सामान्य मिली। अम्बेश गैस एजेन्सी में 9 मार्च तक की बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर डिलीवर किए जा चुके हैं तथा 10 व 11 मार्च तक की बुकिंग किए गए सिलेंडर की डिलीवरी का कार्य होता पाया गया। यहां बुकिंग में वेटिंग पीरियड लगभग 5 दिन का मिला। इसी प्रकार मॉर्डन गैस एजेन्सी में 13 मार्च तक बुकिंग की डिलीवरी उपभोक्ताओं को हो चुकी है तथा वेटिंग पीरियड 3 दिन का मिला। उन्होंने दोनों गैस एजेंसियों के प्रबंधकों से कहा कि उपभोक्ताओं को सरकार के नए आदेशों से अवगत कराए कि ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ता गैस सिलेंडर की प्राप्ति के 45 दिन पश्चात बुकिंग करें तथा शहरी क्षेत्र में 25 दिवस बाद ही दोबारा बुकिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि गैस बुकिंग की प्रक्रिया एवं बुकिंग नंबर से भी उपभोक्ताओं को अवगत कराए। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर तुरन्त मदद की जावे।

### उपभोक्ताओं से संवाद कर लिया फीडबैक

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान मौजूद उपभोक्ताओं से संवाद कर कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को निरन्तर सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक है। गैस सिलेंडरों की सप्लाई व्यवस्था में कोई इश्यू नहीं है, अतः उपभोक्ता घबराए नहीं तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देवे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में गैस सिलेंडर की डिलीवरी मिलने के 25 दिन पश्चात ही दोबारा बुकिंग की जा सकती है। इसके संबंध में अन्य उपभोक्ताओं को भी अवगत करावे।

**इन नंबरों के माध्यम से उपभोक्ता आसानी से करा सकते हैं सिलेंडर बुकिंग**

उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग तेल विपणन कंपनियों के इन आसान माध्यमों से की जा सकती है, जिसमें भारत गैस की बुकिंग के लिए वाट्सएप नंबर 1800224344, मिस्ड कॉल नंबर 7710955555, आईवीआरएस नंबर 7715012345 पर बुकिंग की जा सकती है। इसी प्रकार इंडेन गैस की बुकिंग के लिए वाट्सएप नंबर 7588888824, मिस्ड कॉल नंबर 8454955555, आईवीआरएस नंबर 7718955555 एवं एचपी गैस बुकिंग के लिए वाट्सएप नंबर 9222201122, मिस्ड कॉल नंबर 9493602222, आईवीआरएस नंबर 8888823456 पर बुकिंग की जा सकती है।

इस दौरान एडीएम शहर बीना महावर, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा, प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल शर्मा मौजूद रहे।

# राज संपर्क पोर्टल पर 9334 शिकायतों का निस्तारण, जयपुर जिला पहले स्थान पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए राज संपर्क पोर्टल व्यवस्था प्रदेश के लोगों को खूब रास आ रही है। प्रदेश के लोग राज संपर्क पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करवाने में गहन रुचि दिखा रहे हैं क्योंकि यहां पर शिकायतों का त्वरित गति से समाधान होता है। इसलिए जैसे ही लोगों को इस पोर्टल के बारे में जानकारी मिलती है लोग तुरंत इस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाते हैं जिसमें उन्हें राहत भी मिल रही है। प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार की जन



शिकायत निवारण प्लेटफार्म राज संपर्क पोर्टल पर दर्ज 9334 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। इन शिकायतों के निस्तारण में जयपुर जिला पहले नंबर पर और जोधपुर जिला दूसरे नंबर पर है तथा तीसरे नंबर पर सीकर जिला बना हुआ है । मुख्य सचिव श्रीनिवास ने बताया कि जिलों के प्रदर्शन में जयपुर जिला 943 शिकायतों के निपटारे के साथ पहले स्थान पर रहा है वही जोधपुर जिला 584 शिकायतों के निस्तारण के आधार पर दूसरे नंबर पर और सीकर जिला 339 शिकायतों के आधार पर तीसरे स्थान पर रहा है। विभाग बार शिकायत निस्तारण के आंकड़ों में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग ने सबसे अधिक 1545 शिकायतों का समाधान किया है इसके बाद पंचायत राज विभाग ने 846 शिकायतों का निस्तारण किया जबकि स्वायत शासन विभाग ने 821 शिकायतों का समाधान किया। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दे रही है और राजस्थान संपर्क पोर्टल के माध्यम से लोगों को पारदर्शी और प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की लंबित शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को राहत मिले। उल्लेखनीय है कि राज संपर्क पोर्टल को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुरू से ही काफी गंभीर नजर आ रहे हैं इस पोर्टल पर मुख्यमंत्री शर्मा भी कई बार आकर प्रदेश के लोगों से सीधा शिकायत सुनकर उनकी शिकायतों का समाधान करने का प्रयास भी किया है मुख्यमंत्री शर्मा समय पर यहां राज पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के बारे में अधिकारियों से फीडबैक भी लेते रहते हैं और अधिकारियों को बराबर निर्देशित करते रहते हैं कि इस पोर्टल पर आने वाली तमाम तरह की शिकायतों का समाधान किया जाए और अगर किसी कारणवश किसी शिकायत का समाधान नहीं हो पता है तो उसके बारे में शिकायत करने वाले को यह बताया जाए कि इस वजह से इस शिकायत का अभी समाधान नहीं हो सकता लेकिन शिकायत करने वाले को हर हाल में संतुष्ट किया जाए पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी राज संपर्क पोर्टल ऑफिस में बैठकर लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए हैं ।

## जयपुर में झारखंड महादेव के पास चलती कार में आग लगी, चालक सुरक्षित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर के विशाल नगर थाना इलाके में झारखंड महादेव मंदिर के पास सोमवार को अचानक रोड पर चलती हुई कार में अज्ञात कारण की वजह से आग लग गई। कार के अगले हिस्से में आज की चिंगारी और धुआ उठता देख चालक में सजकता दिखाते हुए कार को सड़क के किनारे सुनसान जगह पर खड़ा किया और तुरंत वह कार से नीचे उतर गया जिससे उसकी जान जान बच गई बाद में आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और दंगल की गाड़ी प्रयास किया सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और अग्निशमन की गाड़ी को बुलाकर आग पर काबू पाया गया । बताया गया है कि कहीं ना कहीं कार के अगलेहिस्से में वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से यह आगजनी की घटना हुई।

## चांदी और सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट, चांदी 4700 और सोना 1700 रुका हुआ सस्ता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में लगातार तीसरे दिन सोमवार को चांदी और सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई सोमवार को चांदी की कीमत में 4700 और सोने की कीमत में 1700 रुपए की गिरावट दर्ज की गई । सोमवार को चांदी 259000 रुपए प्रति किलो दर्ज था तो दूसरी तरफ जेवराती सोना 150000 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 160400 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज था, जानकार लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब चांदी और सोनी की कीमत में लगातार रोजाना गिरावट हो रही हो इससे पहले भी कई बार ऐसा हुआ है। जब सोने और चांदी की कीमत में लगातार कुछ दिनों तक वृद्धि होती रही और फिर अचानक ही इनके दाम रोजाना लगातार काम होते रहे यह सिलसिला पिछले कई महीनो से बना हुआ है इसीलिए सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव होने की वजह से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वालों की रुचि इस समय काफी कम हो गई है। सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वाले लोग अब रियल स्टेट और जमीन जायदाद में निवेश करने लगे हैं क्योंकि सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव की वजह से लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है और उन्हें ऐसा लगता है कि कहीं उनका निवेश का पैसा उन्हें नुकसान नहीं दे जाए इसलिए पिछले कई दिनों से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वालों की संख्या काफी कम हुई है ।

## सरकारी स्कूल में कमरे की छत पर स्थित पंखे के गिरने की वजह से दो छात्र घायल, ग्रामीणों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को सुबह स्कूल के कमरे की छत पर स्थित पंख के चैनल के हुक के टूट जाने के बाद पंखा नीचे गिर गया जिसकी वजह से कमरे में मौजूद दो छात्र पंखे के नीचे दब गए जिससे दोनों छात्र घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोनों छात्रों की हालत हालांकि खतरे से बाहर है लेकिन इस हादसे को लेकर गांव के लोगों में गहरा गुस्सा छाया हुआ है छात्रों के परिजनों का कहना है कि हमने घर से बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए भेजा था लेकिन हमें क्या पता स्कूल में जाने के बाद बच्चा इस तरह से घायल होकर अस्पताल पहुंच जाएगा। सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन से जुड़े लोग भी मौके पर पहुंचे हैं इसके अलावा शिक्षा विभाग की टीम भी मौके पर गई है ग्रामीणों का कहना है कि यह स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि जो पंख क्लासरूम में लगे हुए हैं वे पंख ठीक तरह से स्थापित है या नहीं जानकारी के अनुसार बाड़मेर के सासियों का तला स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को सुबह प्रार्थना संपन्न होने के बाद स्कूल के कमरों में बच्चे पढ़ रहे थे तभी स्कूल के एक कमरे की छत पर स्थापित पंखा अचानक नीचे गिर गया जिसकी वजह से दो छात्र पंखे की चपेट में आकर घायल हो गई । अचानक हुई इस घटना के बाद स्कूल में मौजूद शिक्षकों और अन्य छात्रों में भी दहशत छा गई शिक्षकों ने तुरंत दोनों घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया।

## सरकारी अस्पताल परिसर में झाड़ियां में लावारिस भ्रूण को नोच रहे थे सूअर और कुत्ते, लोगों ने पुलिस को किया सूचित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा के जिला सरकारी अस्पताल परिसर में झाड़ियां के पास लावारिस अवस्था में एक भ्रूण को सूअर और कुत्ते नोच रहे थे। तभी लोगों की नजर भ्रूण पर पड़ी तो लोगों ने जानवरों को भ्रूण से दूर हटाया और पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में किया पुलिस अब भ्रूण का पोस्टमार्टम भी करवा रही है तथा मामले की जांच शुरू शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार कोटा के जिला सरकारी अस्पताल में झाड़ियां के पास पार्किंग जोन के नजदीक सूअर और कुत्ते एक भ्रूण को जगह-जगह से नोच रहे थे तभी लोगों की निगाह भ्रूण पर टिक गई इसके बाद आसपास के लोगों ने जानवरों को भगाया और पुलिस को सूचित किया पुलिस अब अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों से भी पूछताछ कर भ्रूण के बारे में आवश्यक जानकारी एकत्रित करने का प्रयास कर रही है पुलिस अस्पताल में नर्सिंग विभाग से जुड़े लोगों से भी भ्रूण के बारे में पूछताछ करके जांच पड़ताल कर रही है ।

## बगरू में पत्नी का गला घोट कर खुद को निर्दोष बताने के लिए गला फाड़ फाड़ कर रोने लगा पति, पुलिस को नहीं दे पाया चकमा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बगरू थाना इलाके में औद्योगिक क्षेत्र में कृष्ण विहार कॉलोनी किराए से रह रहे बिहार निवासी एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर को अपने निर्दोष बताने के लिए जोर-जोर से गला फाड़ कर रोने लगा और अपने सर को जोर-जोर से जमीन पर पटकने लगा लेकिन वह पुलिस को चकमा नहीं दे पाया। पुलिस ने आखिरकार पति से जुर्म कबूल करवा लिया, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिहार जिले में चंपारण निवासी रविंद्र मुखिया अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ बगरू के तारीख को औद्योगिक इलाके में कृष्ण विहार कॉलोनी में पिछले 3 महीने से किराए से रह रहा था और यहां मजदूरी करता था। रविंद्र मुखिया शराब पीने का आदि था और शराब के नशे में वह अपनी पत्नी से मारपीट और झगड़ा भी करता रहता था। पिछली 13 मार्च को भी उसने शराब के नशे में अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ मारपीट की जिसके बाद सुशील अपने दोनों छोटे बच्चों को लेकर पड़ोस में रहने वाली अपनी बहन निर्मला के यहां चली गई लेकिन अगले दिन 14 मार्च को रविंद्र मुखिया अपनी पत्नी को लेने के लिए पहुंचा तो वहां निर्मला और उसके पति ने रविंद्र मुखिया को समझाया और दोनों पति-पत्नी को राजी राजी रहने के लिए कहा इसके बाद रवींद्र मुखिया और सुशीला वापस अपने कमरे पर आ गए जहां शराब के नशे में फिर से रविंद्र मुखिया ने सुशीला देवी के साथ मारपीट की। बाद में उसने चुन्नी से




गला घोट कर सुशीला देवी की हत्या कर दी ।रविवार को सुशीला की बहन निर्मला ने जब सुशील को फोन किया तो फोन रिसीव नहीं होने पर उसकी चिंता हुई वह तुरंत सुशीला के कमरे पर पहुंची तो उसकी लाश कमरे में फर्श पर पड़ी हुई थी और उसके गले में चुन्नी का फंदा भी पड़ा हुआ था तथा उसके सर से खून भी बह रहा था यह दृश्य देखकर वह घबरा गई और उसने तुरंत आसपास के लोगों को कहा ।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान निर्मला ने रविंद्र को भी फोन करके मौके पर बुलाया तो वह सुशीला की लाश के पास बैठकर जोर-जोर से रोने लगा और अपने सर को जमीन पर पटक कर खुद के निर्दोष होने का नाटक करने लगा। बाद में पुलिस ने जब रविंद्र से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया । पुलिस ने रविंद्र मुखिया को अरेस्ट कर लिया है ।

## एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र ने ट्रेन के आगे खुद कर दी जान, साथी पांच छात्रों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जैसलमेर जिले के फलसूंड के रहने वाले 23 वर्षीय एमबीबीएस के फाइनल ईयर के छात्र रतन कुमार मेघवाल ने गुजरात के राजकोट में ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या की है। मौके पर हिंदी और अंग्रेजी में 17 पेज का सुसाइड नोट मिला है जिसमें रतन कुमार ने अपने साथ पढ़ने वाले पांच छात्रों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है ।सुसाइड नोट में लिखा है कि प्रताड़ित करने वाले छात्र बेवजह इसका एक महिला से मित्रता होने की बात कहकर परेशान कर रहे थे। मृतक छात्रा के पिता ने गुजरात के राजकोट के गांधीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है इसमें पुलिस ने आरोपी सभी पांच छात्रों को अरेस्ट भी कर लिया है लेकिन इस घटना ने यह साफ किया है कि देश में मेडिकल जैसी उच्च शिक्षण संस्थानों में भोले भाले टैलेंटेड छात्रों को ठीक तरह से पढ़ने नहीं दिया जाता ।भोले वाले छात्रों को परेशान किया जाता है इसलिए इस दिशा में सरकार को अब और कड़े कदम उठाने होंगे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैसलमेर के फलसूंड का रहने वाला रतन कुमार मेघवाल गुजरात के राजकोट एम्स में एमबीबीएस के




अंतिम वर्ष का छात्र था जिसने गत 14 मार्च को राजकोट में ही ट्रेन के आगे खुद कर जान दी। मौके पर पहुंची पुलिस को एक बैग मिला था जिसमें मोबाइल फोन लैपटॉप और एक डायरी मिली थी तथा हिंदी और अंग्रेजी में 17 पेज का सुसाइड नोट भी मिला था पुलिस ने इस मामले में राजकोट एम्स में पढ़ने वाले पांच छात्रों को अरेस्ट कर लिया है। मृतक छात्रा के पिता का कहना है कि इससे पहले भी उसके बेटे ने छात्रों से परेशान होकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी इसकी शिकायत पुलिस में भी की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और ना ही कॉलेज प्रशासन ने कोई कार्रवाई की अगर पुलिस और कॉलेज प्रशासन समय रहते उस समय ही ठोस कार्रवाई कर लेता आज उसके बेटे की जान नहीं जाती ।

## क्या दिल्ली से राजस्थान के वित्तीय अधिकारों पर कैंची चलने का जवाब मांग पाए मुख्यमंत्री जी? : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हालिया दिल्ली यात्रा और केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात पर राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर सवाल खड़े किए हैं। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के बजाय राजस्थान के हक और अधिकारों का हिसाब मांगना चाहिए था। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक सेहत विज्ञापन के 'उत्कर्ष' से कोसों दूर है और हकीकत में राज्य वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से राजस्थान के हिस्से में हुई भारी कटौतियों पर जवाब मांगा? जूली ने वित्तीय आंकड़ों को स्पष्ट करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के वित्तीय अधिकारों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। एसएएससीआई स्कीम के तहत जहाँ 15,000 करोड़ रुपए का अनुमान था, वहां मात्र 9,500 करोड़ रुपएमिले, जो कि 37 प्रतिशत की सीधी कटौती है। इसी प्रकार, केंद्रीय करों के तहत 85,716 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले केवल 83,940 करोड़ रुपए ही प्राप्त हुए। ग्रांट इन एड में भी 39,193 करोड़ रुपए की अपेक्षा के विरुद्ध मात्र 37,910 करोड़ रुपए ही मिले। उन्होंने सवाल किया कि प्रदेश के हिस्से के ये 8,000 करोड़ रुपए से ज्यादा रुपये कहाँ गायब हो गए और मुख्यमंत्री इस पर मौन क्यों हैं? 15वें वित्त आयोग के तहत राजस्थान की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आ रही है और बजट 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय करों से प्राप्त राशि में लगभग 1,776 करोड़ रुपएकी कमी दर्ज की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि 2 साल बनाम 5 साल का राग अलापने वाली भाजपा सरकार ने कर्ज लेने के मामले में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने तुलनात्मक आंकड़े पेश करते हुए कहा कि



जहाँ कांग्रेस सरकार ने अपने पूरे 5 साल के कार्यकाल में 2.26 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया था, वहीं वर्तमान भाजपा सरकार महज 3 साल में ही 2.22 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। 5 साल का कर्ज 3 साल में ही डकारने वाली सरकार किस नैतिकता से वित्तीय प्रबंधन की बात करती है? हकीकत यह है कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 1.13 लाख करोड़ रुपए (करीब 6 प्रतिशत) तक सिकुड़ गया है, जो प्रदेश के भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत है। गैस की किल्लत और आर्थिक बोझ जूली ने कहा कि एक तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी में उलझी है, वहीं दूसरी ओर आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। प्रदेश में रसोई गैस की भारी किल्लत है, जिसका प्रमाण स्वयं मुख्यमंत्री की बेणेश्वर धाम की सभा में देखने को मिला, जहाँ भोजन गैस के बजाय लकड़ी के चूल्हों पर बनाया गया। जब मुख्यमंत्री की सभाओं में एलपीजी उपलब्ध नहीं है, तो आम आदमी और छोटे व्यापारियों की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या वे दिल्ली से इन घाटों की भरपाई का कोई ठोस वादा लाए हैं या राजस्थान को सिर्फ कर्ज के दलदल में फंसाकर लौट आए हैं?

## वैश्विक रोजगार की राह खोलेगा जयपुर का स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटरः राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत सरकार ने जयपुर के महात्मा गांधी गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज इंस्टीट्यूट में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एसआईआईसी की स्थापना को मंजूरी दी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि जयपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना प्रदेश के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे वे वैश्विक स्तर पर रोजगार प्राप्त करने के लिए सक्षम बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयासों का ही परिणाम है कि केंद्र सरकार ने जयपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एसआईआईसी की स्थापना को मंजूरी दी है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस विषय को प्रमुखता से उठाया, केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से देशभर में युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जयपुर में एसआईआईसी की स्थापना उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहलप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के मजबूत समन्वय का परिणाम है। डबल इंजन सरकार युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस पहल को साकार करने में सहयोग के लिए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का भी आभार व्यक्त



किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से ही इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिल सकी है। जानकारी के अनुसार स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना और मंजूरी के लिए प्रदेश के भजन लाल सरकार युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही थी इसके लिए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर केंद्र सरकार के समक्ष सेंटर की स्थापना के लिए प्रभावी रूप से राजस्थान का पक्ष रखा राठौर ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात करके जयपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोलने की नितांत आवश्यकता बताइ जिस पर जयंत चौधरी ने भी पॉजिटिव रवैया दिखाया इसी का परिणाम है कि अब जयपुर में इस केंद्र की स्थापना हो रही है इस केंद्र की स्थापना होने से राजस्थान के युवा वैश्विक स्तर पर खुद को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छे पदों के लिए खुद को तैयार रख सकेंगे जिससे एक तरफ प्रदेश के टैलेंटेड युवाओं को देश और विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तो दूसरी तरफ प्रदेश के युवाओं का भविष्य भी उज्जवल हो सकेगा।

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अनूरा जालवाल (ANURA JALWAL) से बदलकर अनूरा (ANURA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम अनूरा (ANURA) नाम से 7 जाना जावें।

**निवासी- अनूरा पुत्री मनीष जालवाल, प्लॉट नंबर 678 - ए, फ्लैट नं. 302, पार्क शुभम, रानी सती नगर, लेन नं. 9, सुन्दर नगर निर्माण नगर, जयपुर राजस्थान - 302019**

## खोया पाया

मैं, सुरेश कुमार पुत्र श्री लेखराम, उम्र 56 वर्ष, निवासी फ्लेट नम्बर 402, सन शाईन सिग्नेचर, प्लाट नम्बर ए-13, अम्बाबाडी, जयपुर, राज. 302039 सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि

मेरे स्वामित्व की अचल सम्पत्तियां क्रमशः प्लाट नम्बर 14ए, 14बी, 15बी, 15सी, 15डी, 58 व 59 जो कि ग्राम रोजदा, तहसील जालसू, जिला जयपुर में स्थित है जो कि मुझे नव नवयुवक गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा योजना वामन कृपा-प्रथम विस्तार रोजदा में आवंटित है।

मुझसे मेरे उक्त प्लाटों के मूल पट्टे, साइड प्लान व रसीदों व उक्त प्लाटों के ट्रान्सफर लेटर की मूल / असल प्रति एवं मेरे हस्ताक्षर किये है। मेरी आई.डी. (आधार व वोटर आई.डी. कार्ड तथा मेरी पासपोर्ट साइज फोटोज) की फोटो प्रति कहीं गुम हो गई है। जिन्हे मैंने काफी तलाश किया परन्तु मुझे नहीं मिले है।यदि किसी को ये दस्तावेज मिलते है मुझे सूचित करें।

## हाई कोर्ट से डीडी कुमावत को राहत मिली, कन्वीनर पद पर लगाई गई रोक को हटाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ की कमेटी के कन्वीनर पद पर डीडी कुमावत बने रहेंगे राजस्थान हाई कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान कन्वीनर पद पर डीडी कुमावत के बने रहने पर जो प्रतिबंध पूर्व में कोर्ट ने लगाया था उस प्रतिबंध को हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान हटा लिया है इस तरह से कुमावत अब पहले की तरह कमेटी के कन्वीनर बने रहेंगे हाई कोर्ट का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब कुछ दिनों बाद ही आईपीएल का महासंग्राम शुरू होने जा रहा है हालांकि राजस्थान सरकार जयपुर में आईपीएल मैच करवाने को लेकर जोर-जोर से तैयारी में छुट्टी हुई है इसके लिए राज्य सरकार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से भी संपर्क सदा है इसके अलावा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और स्टेडियम को आईपीएल मैच के लिए पूरी तरह से तैयार भी कर दिया गया है



क्योंकि राज्य क्रिकेट संघ में जो घमासान की स्थिति पिछले कई महीनो से बनी हुई है उस घमासान को देखते हुए इस बार जयपुर में आईपीएल मैच करवाने पर संकट के बदले मंडरा रहे थे लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार आईपीएल मैच करवाने को लेकर पूरा मन बना चुकी थी इसके लिए खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी हर हाल में यहां आईपीएल मैच करवाने के पक्ष में थे इसलिए प्रदेश सरकार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईपीएल प्रशासन दोनों से संपर्क बनाया हुआ है अब जिस तरह से राजस्थान हाई कोर्ट ने एक बार फिर से डीडी कुमावत को कमेटी के कन्वीनर पद पर बने रहने की हरी झंडी दे दी है उसके बाद अब यह देखने वाली बात होगी कि आईपीएल के जो मैच जयपुर में होंगे वह मैच राजस्थान सरकार की देखरेख में होंगे या फिर राज्य क्रिकेट संघ की देखरेख में क्योंकि भले ही हाईकोर्ट ने डीडी कुमावत को कन्वीनर पद पर बने रहने की छूट दे दी हो लेकिन यह भी जग जाहिर है कि राज्य क्रिकेट संघ में बड़े पदों पर बैठे लोगों में आपस में टकराव के हालात बने हुए हैं तदर्थ कमेटी के सदस्यों के बीच भी आपस में सामंजस्य और तालमेल नजर नहीं आ रहा पूर्व में कई बार यह देखने में आया है की तदर्थ कमेटी के सदस्यों ने ही कुमावत के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजा दिया था इसलिए राज्य क्रिकेट संघ से जुड़े लोगों में आपस में जो घमासान की स्थिति बनी हुई है उसको देखकर ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईपीएल प्रशासन ने जयपुर में मैच करवाने से पल्ला झाड़ लिया था लेकिन प्रदेश सरकार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईपीएल प्रशासन दोनों को भरोसा दिलाया है कि सरकार जयपुर में आयोजित होने वाले सभी मैच का सफल आयोजन करवाएगी अब डीडी कुमावत फिर से कन्वीनर पद पर कार्य देखना शुरू कर देंगे आगे उनकी क्या रणनीति रहेगी यह देखने वाली बात होगी उल्लेखनीय है कि जयपुर के लोग हर हाल में सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल मैच आयोजित होना देखना चाहते हैं क्योंकि अब से पहले जितने भी जयपुर में आईपीएल के मैच आयोजित हुए हैं सभी मैच में बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम में मैच देखने आए हैं स्टेडियम खचाखच भरा रहता है इसलिए जयपुर में आयोजित होने वाले आईपीएल मैच को लेकर जयपुर के लोग ही नहीं बल्कि यहां के व्यापार जगत पर्यटन जगत ट्रेवल्स जगत इत्यादि सेक्टर से जुड़े लोग भी काफी उत्साहित रहते हैं क्योंकि आईपीएल मैच के दौरान देश और दुनिया भर के लोगों का यहां आना-जाना लगा रहता है जिससे निश्चित रूप से जयपुर में एक अलग ही माहौल देखने को मिलता है

जयपुर टाइम्स
जयपुर, मंगलवार
17 मार्च, 2026

सम्पादकीय

## तेल ठिकानों पर हमले से भड़की जंग की आग



ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद युद्ध में अब जो तौर-तरीके अपनाए जाने की खबरें आ रही हैं, उससे यह चिंता गहराने लगी है कि इसका असर किस रूप में सामने आएगा। हैरानी की बात यह है कि दुनिया भर में परमाणु या व्यापक विनाश के हथियारों और अन्य मसलों की अपनी सुविधा के मुताबिक व्याख्या करने वाला अमेरिका खुद कई बार सारे तकाजों के खिलाफ जाकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति भी उपेक्षा भाव प्रदर्शित करता है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइल दागे जा रहे हैं और व्यापक पैमाने पर जानमाल की क्षति हो रही है, लेकिन अमेरिका और इजराइल के साझा हमले में कई ऐसे ठिकानों पर भी बमबारी की गई, जिसके पर्यावरणीय और मानवीयता पर असर को लेकर दुनिया भर में सवाल उठे हैं। मसलन, प्रतिद्वंद्विता के क्रम में या ईरान को झुकाने के लक्ष्य से वहां एक स्कूल पर हमले के अलावा कई शहरों में तेल ठिकानों पर मिसाइल दागे गए। उससे बाद वहां जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसका असर दीर्घकालिक होगा और इसकी मार सिर्फ आम लोगों को झेलनी होगी। एक ओर विश्व भर में यह उम्मीद की जा रही है कि इस युद्ध की वजह से तेल और गैस के साथ-साथ अन्य कई मोर्चों पर व्यापक संकट गहराने के मद्देनजर शांति की राह खोजी जाएगी, दूसरी ओर खबर यह आई कि अमेरिका ने शनिवार को ईरान के खर्ग द्वीप पर हमला करके मसले को और जटिल स्वरूप दे दिया। हालांकि अमेरिका का कहना है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों पर हमला किया और तेल ढांचों को निशाना नहीं बनाया। मगर खर्ग द्वीप को जिस तरह ईरान के सबसे बड़े तेल भंडार और नब्बे फीसद कच्चे तेल के निर्यात के केंद्र के रूप में जाना जाता है, उसमें कहना कठिन है कि हमलों का असर सीमित होगा। अगर हमलों की जद में तेल भंडार भी आए, तो उसके नतीजों की कल्पना की जा सकती है। फिर इस पर ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, खाड़ी देशों में स्थित तेल रिफाइनरियों पर कैसा खतरा पैदा होगा, कहना मुश्किल है। इस क्रम में बड़े पैमाने पर तेल ठिकाने नष्ट होते हैं, तो आने वाले वक्त में दुनिया भर में संकट गहराएगा। युद्ध की चरम अवस्था में भी यह उम्मीद की जाती है कि इसमें शामिल देश संघर्ष की स्थिति में तय किए गए नियम-कायदों और मानवीयता का खयाल रखेंगे। मगर हालत यह है कि इस संबंध में मानवीय प्रश्नों की तो दूर, युद्ध को लेकर बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बिना किसी हिचक के धता बताया जा रहा है। विश्व भर में इसे लेकर चिंता जताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की निंदा कर चुके हैं। रूस भी कह चुका है कि हम जिस अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करते हैं, वह लगभग खत्म हो चुका है। इसके अलावा, तेल ठिकानों पर हमले के बाद बहुत बड़े दायरे में जो पर्यावरणीय प्रभाव सामने आ रहे हैं, उसका खमियाजा आखिर कौन भुगतेगा? खबर यह भी आई कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों के बाद ईरान के आसमान से काली स्याही जैसा तरल बरस रहा है।



कहानी

## सत्संग का महत्त्व

बालमित्रो, देवर्षि नारद नारायण नारायण का जप करते हुए सदैव ब्रह्मांड में भ्रमण करते रहते हैं । एक बार देवर्षि नारदजी वैकुंठलोक में भगवान श्री विष्णुजी के दर्शन करने के लिए पहुंचे । वहां उन्होंने भगवान को भावपूर्ण नमस्कार किया और बोले, 'हे प्रभो, कृपया मुझे सत्संग का महत्त्व बताइए ।' उसपर भगवान ने कहा, 'देवर्षि, भूलोक में अर्थात पृथ्वी पर जाइए । वहां एक पेड के पत्ते पर एक इल्ली मृतप्राय अवस्था में है । आप वहां जाकर उससे सत्संग का महत्त्व पूछ लीजिए ।' भगवान श्रीविष्णु की आज्ञा के अनुसार देवर्षि नारद पृथ्वी पर पहुंचे । वहां पेड के पत्ते पर वह इल्ली मृतप्राय अवस्था में थी । जैसे ही इल्ली ने देवर्षि को देखा, वैसे ही उसने अपने प्राण त्याग दिए। देवर्षि कुछ नहीं समझ पाए । वह वहां से पुनः वैकुंठलोक पहुंचे । उन्होंने भगवान को नमस्कार किया और उन्होंने श्री विष्णुजी से पूछा कि, 'प्रभो, मैं तो सत्संग का महत्त्व जानने के लिए गया था, परंतु मेरे वहां पहुंचते ही इल्ली ने तो अपने प्राण त्याग दिए ।' ब्रह्मर्षि की वह बात सुनकर भगवान ने कहा "देवर्षि पृथ्वी पर अभी-अभी एक गाय ने बछडे को जन्म दिया है । आप वहां जाकर उस बछडे से सत्संग का महत्त्व पूछिए ।" देवर्षि पुनः पृथ्वी पर उस स्थान पर पहुंचे, जहां गाय ने बछडे को जन्म दिया था; परंतु नारदजी जैसे ही उस गाय के बछडे के पास पहुंचे तो उन्हें देखकर उस गाय के बछडे ने भी अपने प्राण त्याग दिए । यह देखकर देवर्षि को अत्यंत दुःख हुआ । वह पुनः वैकुंठलोक पहुंच गए । अत्यंत दुःख से उन्होंने भगवान श्री विष्णुजी को बताया कि कैसे उन्हें देखते ही उस गाय के बछडे ने तुरंत प्राण त्याग दिए । देवर्षि का कथन सुनकर भगवान ने कहा, 'देवर्षि, अभी-अभी एक राजा के घर में अर्थात राजघराने में एक बालक ने जन्म लिया है । आप वहां जाकर उस राजकुमार से सत्संग का महत्त्व पूछिए ।' भगवान श्रीविष्णु की यह बात सुनकर देवर्षि नारदजी ने कहा, 'नहीं भगवन मैं वहां नहीं जाऊंगा । यदि मुझे देखकर राजकुमार ने अपने प्राण त्याग दिए, तो राजा तो मुझे कठोर दंड देंगे । अब तक दो जीवों ने मेरे सामने अपने प्राण त्याग दिए हैं । आप मुझे क्षमा करें तथा वहां जाने के लिए न कहें । अब तक यह बात मेरी समझ में नही आई है कि मेरे पहुंचने पर दो जीवोंने अपने प्राण त्याग दिए है, इसमें सत्संग का क्या महत्त्व है ' देवर्षि की यह बात सुनकर भगवान ने कहा, "नहीं देवर्षि, आप जिन दो जीवों की मृत्यु की बात कर रहे हैं, वे दोनों एक ही हैं । एक जीव ने ही तीन जन्म लिए हैं । यह सुनकर नारदजी चकित हो गए और बोले, 'प्रभु, मुझे तो कुछ समझ नहीं आ रहा आप इस लीला को विस्तार से बताइए । भगवान श्री विष्णुजी मुस्कुराते हुए कहा, 'देवर्षि, इस जीव का जन्म पहले नीच योनी में अर्थात इल्ली के रूप में हुआ था । जब आप उस इल्ली के पास पहुंचे, तब उसे आपका एक क्षण का सत्संग मिला । उसने तुरंत अपने प्राण त्याग दिए और इल्ली से उच्च योनी में अर्थात गाय के बछडे के रूप में जन्म लिया । आप जब गाय के बछडे को देखने पहुंचे तबउस जीव को पुनः आपका सत्संग मिला । आप के कुछ क्षणों के दर्शन के लाभ से उस बछडे ने अपने प्राण त्याग दिए । आप के कुछ क्षणों के सत्संग से उस जीव को उर्ध्वगति मिली अर्थात उसे उच्च योनि प्राप्त हुई

# एलपीजी का विकल्प बने बायोगैस

भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है।
ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में



दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अब ऊर्जा बाजारों पर भी असर डाल रहा है। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर हो रही चर्चाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या देश को ईंधन के मोर्चे पर कुछ और घरेलू स्रोतों को मजबूत करना चाहिए? दरअसल भारत के पास पहले से ही एक ऐसा संसाधन है जिसे अक्सर केवल कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यही संसाधन भविष्य में गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है। यह संसाधन है जैविक कचरा, जो खेतों से लेकर शहरों की रसोइयों तक हर जगह मौजूद है। हर साल भारत में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें खेतों से निकलने वाला फसल अवशेष, पशुओं का गोबर, शहरों का गीला कचरा और बाजारों से निकलने वाला खाद्य कचरा शामिल है।

इन सबका उपयोग बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए किया जा सकता है। इस गैस का उपयोग खाना पकाने, बिजली बनाने या वाहनों को चलाने में किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) योजना शुरू की थी। इसका लक्ष्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करना और जैविक कचरे को ईंधन में बदलना है। पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसे कई संयंत्र स्थापित किए गए हैं और उनसे गैस का उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यदि इस व्यवस्था को विस्तार दिया जाए, तो इसका प्रभाव केवल शहरों की रसोइयों तक सीमित नहीं रहेगा। यह कृषि, शहरी प्रबंधन, उद्योग और परिवहन सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।

भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है।

ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में बदलने के प्रयोग किए गए हैं। यदि नगर निकाय बाजारों, होटलों और घरों से गीला कचरा व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर उसे बायोगैस संयंत्रों तक भेजें, तो शहरों को दो लाभ मिल सकते हैं। एक तरफ कचरे की मात्रा कम होगी और दूसरी तरफ गैस का एक स्थानीय स्रोत तैयार होगा।

उद्योग क्षेत्र में भी बायोगैस की भूमिका बढ़ सकती है। खाद्य प्रसंस्करण, डेरी या कपड़ा उद्योग जैसे कई छोटे और मध्यम उद्योग जैविक अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं। यदि ऐसे उद्योग अपने परिसर में छोटे बायोगैस संयंत्र स्थापित करें, तो वे अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे एलपीजी या अन्य ईंधनों पर होने वाला खर्च भी कम हो सकता है। परिवहन क्षेत्र में भी कंप्रेस्ड बायोगैस का उपयोग बढ़ रहा है। देश में सीएनजी पर चलने वाले वाहन मौजूद हैं और उसी ढांचे में बायोगैस आधारित ईंधन का उपयोग भी किया जा सकता है। कुछ शहरों में आटो-रिक्शा और छोटे ट्रक ऐसे ईंधन का उपयोग करना शुरू कर चुके हैं।

हालांकि यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि बायोगैस अचानक भारत की पूरी ऊर्जा जरूरतों को बदल देगी। देश की कुल गैस मांग बहुत बड़ी है, लेकिन यदि कृषि, शहरों, उद्योगों और परिवहन में छोटे-छोटे प्रयास जुड़ते जाएं, तो उनका प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई दे सकता है। उत्साहजनक बात यह है कि अब कई छोटे, विकेंद्रीकृत और आसानी से स्थापित किए जा सकने वाले बायोगैस सिस्टम उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ प्लग-एंड-प्ले माड्यूलर तकनीकों के रूप में आते हैं, जो होटल, बाजार, हाउसिंग सोसायटी या छोटे उद्योगों के स्तर पर ही जैविक कचरे को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं।

परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन का माडल धीरे-धीरे बड़े केंद्रीकृत संयंत्रों से हटकर अधिक स्थानीय प्रणालियों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान में भारत में जैविक कचरे का बड़ा हिस्सा बेकार चला जाता है।

# ईरान की अडिग रहने की रणनीति

ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या घटी जरूर है, पर हमले जारी हैं और इजरायल, अमेरिका एवं खाड़ी के देशों के सुरक्षा कवचों को भेद भी रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अराघची के बयानों और हावभाव में किसी तरह की घबराहट या चिंता दिखाई नहीं दे रहीं। मोजतबा खामेनेई के चुनाव को लेकर अवश्य 88 मुजाहिदों की मजलिस-ए-रहबरी के बीच कुछ विवाद होने की खबरें हैं, क्योंकि इस्लामी क्रांति का मकसद वंशवादी राजशाही को हटाकर ऐसी मुल्लाशाही स्थापना करना था जिसके नेता का चुनाव योग्यता के आधार हो। मोजतबा खामेनेई का चुना जाना वंशवाद का ही प्रतीक है। इसलिए चर्चा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लरिजानी मोजतबा के चुनाव से खुश नहीं हैं। मोजतबा आइआरजीसी या रेवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं और गरमपंथी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यदि यह सोचते थे कि शीर्ष नेतृत्व के खत्म हो जाने और पंद्रह दिनों की भीषण बमबारी झेलने के बाद ईरान हाथ खड़े कर देगा तो वह शायद उनकी भूल थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मिसाइल हमले में मारे जाने के बाद उनकी गद्दी पर बैठे उनके बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले ही संदेश में खून का बदला खून से लेने का एलान करते हुए पड़ोस के खाड़ी देशों को चेतावनी दी कि वे अपने यहां बने अमेरिकी अड्डों को बंद करें। हालांकि उनके संदेश की जिस बात ने पूरी दुनिया के बाजारों और कारोबारों में हड़कंप मचाया वह दुश्मनों को मात देने के लिए होर्मुज जलमार्ग का हथियार की तरह इस्तेमाल करने के बारे में था। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस इसी मार्ग से होकर जाता है, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और हिंदचीन के देशों को जाता है।

हड़कंप को शांत करने के लिए ट्रंप ने लड़ाई के लगभग पूरा हो जाने की बातें कीं। ईरान को धमकी दी कि होर्मुज बंद किया तो बीस गुना भीषण हमले झेलने होंगे। कभी होर्मुज से जाने वाले जहाजों का बीमा करने की बात उछाली। कभी जहाजों के अमेरिकी नौसेना की सुरक्षा देने की बातें कीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपने आपात रिजर्व से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने की घोषणा की। साथ में ट्रंप ने रूस के जहाजों पर लदे करीब 35-40 करोड़ बैरल तेल की बिक्री से एक महीने के लिए प्रतिबंध हटा लिए, लेकिन जहाजों पर ईरान के छिटपुट हमलों और उसकी धमकी से फैले आतंक के सामने किसी घोषणा की एक न चली। होर्मुज से जहाजों का यातायात लगभग ठप रहा और कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल पार कर गए। अमेरिका और इजरायल का दावा है कि उन्होंने ईरान की हवाई, नौसैनिक और मिसाइल निर्माण एवं मारक क्षमता खत्म कर दी है। शीर्ष नेतृत्व मारा जा चुका है, इसलिए देश में कोई व्यवस्था नहीं बची है, मगर उनके ये



दावे जमीनी हकीकत पर खरे नहीं उतरते। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या घटी जरूर है, पर हमले जारी हैं और इजरायल, अमेरिका एवं खाड़ी के देशों के सुरक्षा कवचों को भेद भी रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अराघची के बयानों और हावभाव में किसी तरह की घबराहट या चिंता दिखाई नहीं दे रहीं। मोजतबा खामेनेई के चुनाव को लेकर अवश्य 88 मुजाहिदों की मजलिस-ए-रहबरी के बीच कुछ विवाद होने की खबरें हैं, क्योंकि इस्लामी क्रांति का मकसद वंशवादी राजशाही को हटाकर ऐसी मुल्लाशाही स्थापना करना था जिसके नेता का चुनाव योग्यता के आधार हो। मोजतबा खामेनेई का चुना जाना वंशवाद का ही प्रतीक है। इसलिए चर्चा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लरिजानी मोजतबा के चुनाव से खुश नहीं हैं। मोजतबा आइआरजीसी या रेवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं और गरमपंथी माने जाते हैं। इसलिए लगता है कि एक तो आइआरजीसी ने उनके चुनाव का समर्थन किया और दूसरे 28 फरवरी के हमले में घायल होने के कारण उन्हें रमजान युद्ध के योद्धा के रूप में भी पेश किया गया। ईरानी मुल्लाशाही ने व्यवस्था का गठन इस तरह किया है कि सत्ता इस्लाम और फलस्तीनी संघर्ष में निष्ठा रखने वाले लोगों के हाथों में ही रहे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का सफाया हो जाने पर भी दुश्मन का प्रतिरोध और व्यवस्था चलती रहे। मोजाइक प्रतिरक्षा या रक्षा-जाल नाम की व्यवस्था का गठन आइआरजीसी के कमांडर मोहम्मद अली जफारी ने किया था। सेना की कमान को देश के तीस प्रांतों की स्वायत्त टुकड़ियों में बांट दिया गया है जो संकट की स्थिति में पहले से तय कमान के आधार पर स्वायत्त होकर अपनी-अपनी कार्रवाई करती रहती हैं। यह व्यवस्था अमेरिका और इजरायल के हमलों में केंद्रीय कमान के खत्म हो जाने पर लड़ाई और देश की व्यवस्था जारी रखने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

# पांच राज्यों में चुनावी बिगुल

चार राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही यह प्रश्न सतह पर आ गया कि इन राज्यों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को क्या दशा-दिशा प्रदान करेंगे? इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव यह भी बताएंगे कि अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के विरुद्ध सत्ता विरोधी रुझान प्रभावी साबित होगा या नहीं? यह बहुत कुछ राज्य सरकारों के कामकाज के प्रति आम जनता के रवैये पर निर्भर करेगा। आम तौर पर सभी सरकारों को कुछ न कुछ सत्ता विरोधी रुझान का सामना करना पड़ता है, लेकिन जो सरकारें लंबे समय तक सत्ता में रहती हैं, उनके खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान के प्रभावी




होने के आसार बढ़ जाते हैं। इस दृष्टि से तीसरा कार्यकाल पूरा कर रही बंगाल की तृणमूल सरकार और अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहीं केरल की वाम मोर्चा सरकार और असम की भाजपा सरकार प्रमुख हैं। इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की भी परीक्षा लेंगे। इनमें प्रमुख हैं भाजपा एवं कांग्रेस। वैसे तो केरल में वाम मोर्चे की सरकार का नेतृत्व कर रही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी भी राष्ट्रीय दल है, लेकिन उसकी हैसियत क्षेत्रीय दल सरीखी रह गई है। यदि असम में भाजपा के सत्ता में पुनः आने की संभावना है तो केरल में कांग्रेस के लिए भी कुछ संभावनाएं दिख रही हैं, लेकिन तथ्य यह है कि इस राज्य में कांग्रेस की स्थिति बहुत अच्छी नहीं। वह गुटबाजी से भी ग्रस्त है। कांग्रेस असम में भी भाजपा को चुनौती देने का प्रयत्न करेगी, लेकिन यहां भी उसकी हालत कोई बहुत अच्छी नहीं। अभी हाल में उसके एक प्रमुख नेता भाजपा में शामिल हो गए। तमिलनाडु में भी कांग्रेस कुल मिलाकर सत्तारूढ़ डीएमके के रहमोकरम पर ही है। डीएमके उसे 25-30 से अधिक सीटें देने को तैयार नहीं। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में गठबंधन सरकार है, जिसमें भाजपा भी शामिल है। फिलहाल उसके समक्ष कोई बड़ी चुनौती नहीं, लेकिन चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि यहां किसकी सरकार बनती है। राज्यों के चुनाव में क्षेत्रीय मुद्दे ही अधिक प्रभावी होते हैं, लेकिन कुछ राष्ट्रीय मुद्दे भी अपना असर दिखाते हैं। एसआइआर का मुद्दा सभी गैर-भाजपा शासित राज्यों में गर्म हो सकता है। बंगाल में तो इसे तृणमूल कांग्रेस की ओर से विशेष रूप से उभारा जाएगा

# सैनी समाज अधिकारी संस्था का होली स्नेह मिलन समारोह 22 को




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था राजस्थान, ब्लॉक चौमूं की मीटिंग ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 22 मार्च को आयोजित होने वाले होली स्नेह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां दी गई। अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक कर्मचारी अधिकारी संगोष्ठी रखी गई है। सायं 4 बजे से होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैनी समाज के सभी समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। मीटिंग में प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी (रेलवे), महामंत्री मदन लाल सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सैनी, जयपुर जिला अध्यक्ष चौथमल सैनी, ओमप्रकाश सैनी चौमूं ब्लॉक मुख्य संरक्षक डॉ. भगवान सहाय सैनी, माली समाज महामंत्री व संस्था मुख्य संरक्षक मदन लाल मालेरिया, संरक्षक सुवालाल सिंगोदिया, संस्था महामंत्री सुरेश कुमार गिरना, कोषाध्यक्ष जगदीश कटारिया, अनिल कुमार सैनी अध्यक्ष महात्मा. ज्योतिबा. फूले. विकास. समिति. ,उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जमालपुरिया,मंत्री ओमप्रकाश भगत, जयनारायण चंदेल अध्यक्ष भवन. निमार्ण. समिति, पूर्व अध्यक्ष घीसालाल तंवर, गोपाल लाल बांसा, डॉ. सोहन तंवर, डॉ. महेश सैनी, सी. एम. सैनी, सीताराम सैनी, कैलाशचंद सैनी, किशनलाल सैनी (पु. बैंक मैनेजर), ग्यारसीलाल सैनी, हरभजन सैनी सहित कई समाजबन्धु उपस्थित रहे।

# सीजन-3 के खिलाड़ियों की भव्य नीलामी आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** जयपुर स्थित एक निजी होटल में प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग (पीपीटीएल) सीजन-3 के खिलाड़ियों की भव्य नीलामी आयोजित की गई। इस लीग का आयोजन वेदा एसपीएसएल फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्विज़ मास्टर, क्रिकेट कमेंटेटर व नीलामीकर्ता चारू शर्मा जो कि प्रो कबड्डी लीग के सह-संस्थापक और निदेशक भी हैं, ने अपने रोचक और अनूठे अंदाज़ में खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न करवाई। इस नीलामी में कुल 16 टीमों के मालिकों ने 128 खिलाड़ियों का चयन किया। टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजकों में डनलप इंडिया, डेलॉइट, वीवो राजस्थान, एसीटी फाइबरनेट, अमूल इंडिया तथा सस्टेनी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट के इलेक्ट्रिक वाहन साझेदार के रूप में विनफास्ट जुड़ा हुआ है। अन्य सहयोगी प्रायोजकों में सिंह प्राइड, टेनिस खेलो, बेकार्स, जियोस्टेर्म, एसजीएम आउटडोर, स्पोर्टवाट, हडल, केएमटी तथा गैलियम शामिल हैं। प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग सीजन-3 का आयोजन 9 से 12 अप्रैल 2026 तक उदयपुर के फील्ड क्लब, उदयपुर में किया जाएगा, जिसमें देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर एसपीएसएल फाउंडेशन के निदेशक विरेन्द्र सिंह ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि भविष्य में भी संस्था शिक्षा और खेलों को साथ लेकर आगे बढ़ाने तथा युवाओं को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व रंग मंच का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चंदलाई में सोमवार को सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार बताया कि नानगराम बोपला निवासी चंदलाई ने 71 हजार की राशि की लागत से विद्यालय के प्रांगण में सरस्वती मंदिर का निर्माण अपने पिताजी की स्मृति में करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। जहां कलश यात्रा बड़ी



धूमधाम से निकालते हुए ग्राम के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विद्यालय परिसर में पहुंची। जहां उसके बाद पंडित नरेश शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस अवसर पर भवानीपुरा निवासी श्योनारायण यादव 51 हजार की राशि से रंग मंच का निर्माण करवाया उसका भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष राम सिंह राजावत रहे। इस अवसर पर कईं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में गांव चंदलाई के कईं लोगों ने भाग लिया। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य प्रियंका स्वामी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया।

# कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और एसपी विकास सांगवान का जिला कारागार में औचक निरीक्षण, बंदियों की बैरकों में सघन तलाशी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सोमवार सुबह जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ जेल परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाकर बंदियों की बैरकों सहित पूरे परिसर की जांच की। निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों की गतिविधियों, अवैध वस्तुओं और मोबाइल फोन की उपलब्धता को लेकर विशेष जांच की गई। अधिकारियों ने जेल के प्रत्येक हिस्से का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पड़ताल की। साथ ही जेल परिसर की स्वच्छता, बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया। कलेक्टर और एसपी ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनी तथा जेल प्रशासन को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# निजी चिकित्सालय संचालकों की एक दिवसीय कार्यशाला

## पीसीपीएनडीटी, एनटीईपी और टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** स्वास्थ्य भवन जालोर मे निजी चिकित्सालय संचालकों के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हमथानी व जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में आरसीएचओ डॉ राजकुमार बाजिया ने पीसीटीएस पोर्टल, इम्पेक्ट, निक्षय पोर्टल, यूविन पोर्टल व विभागीय अन्य पोर्टल पर नियमित सूचनाओं को निर्धारित समयावधि में अपडेट करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एसआओ चन्द्रशेखर जैन ने मातृ व शिशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए पीसीटीएस एवं यूवीन पोर्टल में टीकाकरण, प्रसव एवं अन्य विभिन्न सूचनाओं को अपडेट करने संबंधित जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिला एवं शिशुओं को लगने वाले सम्पूर्ण टीकाकरण की सूचनाओं को यूविन पोर्टल पर अपडेट करने संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्वयक इमरान बेग ने पीपीआईएस योजना के बारे में जानकारी देते हुए विगत वर्ष में निजी क्षेत्र में उपचारित टीबी रोगियों सूचनाओं पर चर्चा की व निक्षय पोर्टल पर टीबी रोगी की सूचना अपडेट करने में की जाने वाली गतिविधियों एवं निजी क्षेत्र में टीबी रोगी को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही पीपीआईएस योजना के तहत निजी चिकित्सालय को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में शंकर सुथार जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुखबिर योजना, फार्म एफ का संधारण, इम्पेक्ट सॉफटवेयर में सूचनाओं का अपडेशन व अधिनियम की पालना नहीं करने पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने एवं कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो तो उसकी सूचना देने के निर्देश दिए। मुखबिर योजना की जानकारी अपने चिकित्सा संस्थान में प्रदर्शित करने जानकारी दी। कार्यशाला में जिले के निजी चिकित्सालय के चिकित्सक, संचालक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सर्व ब्राह्मण महासभा के नए संगठन का शपथ ग्रहण समारोह



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात के नए संगठन का शपथ समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा व राष्ट्रीय नोबेल पुरस्कार विजेता के मुख्य आतिथ्य व जिला अध्यक्ष शर्मा की सोमनाथ में दादू शील आश्रम राधा किशनपुरा में हुए। संस्था में नव नियुक्त कानून वापस न लेने तक की मंजूरी दे दी। संगठन के सामाजिक संगठनों में परंपरा को आमंत्रित न करने, प्रकृति संरक्षण की शपथ, भोजन परिवर्तन की शपथ, परिवार के साथ समय की बहाली, दैनिक मंदिरों में जाना, फिजूली खर्ची पर अलगाव, गौ सेवा और सनातन संस्कृति के आदर्शों के संकल्प के साथ समाज और राष्ट्रीय हित में अपने पद के अनुयायियों की शपथ ली। इस अवसर पर अपने अनुभव व ज्ञान से समाज के विकास को गति प्रदान करने वाले 272 राजस्थान के पारंपरिक साफा व शॉल, दुपट्टा व भगवान परशुराम के चित्र का अभिनंदन किया गया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्ति का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि महासभा व निगम चुनाव में ईडब्ल्यूएस तटस्थता लागू करने की मांग कर रही है। जिला अध्यक्ष प्रमुख शर्मा ने कहा कि वृद्ध जन एवं मातृशक्ति समाज विकास के मुख्य स्तम्भ व समाज के लिए प्रेरणादायी है। विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस अवसर पर गंजानंद शर्मा, विशाल शर्मा, मुकेश शर्मा, बंकरी लाल शर्मा, विनोद शर्मा, बंकरी लाल भटारा, सुभाष शर्मा, शंकर मंडल, बृजमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, मालीराम शर्मा, विनोद शर्मा, श्रवण, रामजीलाल शर्मा, स्वामी, रामबाबू, गोपाल, राकेश, रामनिवास, कैलाश चंद शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, राजेश मिश्रा, नितेश, श्यामलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, श्यामलाल शर्मा, श्यामलाल शर्मा मौजूद रहे।

खबर का असर

# उपभोक्ताओं को घर बैठे मिला सिलेंडर

जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** जयपुर टाईम्स समाचार पत्र में 'भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को बिना रिफिल दिए ही आया डिलिवरी संदेश' नाम से खबर प्रकाशित होने के बाद बगरू स्थित भवानी गैस एजेंसी ने सोमवार सुबह गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी दूदू भेजकर सिलेंडर की डिलीवरी दी। जानकारी के अनुसार उपभोक्ता सत्यनारायण जिनका उपभोक्ता क्रमांक 205828 है, के बिना रिफिल डिलीवरी के ही 4 मार्च को रिफिल डिलीवरी का संदेश आया गया। जबकि सत्यनारायण ने गत रिफिल 24 दिसंबर को ली थी। वहीं लोकेश व रतनलाल के मोबाइल नंबर पर भी बिना रिफिल डिलीवरी के 11 मार्च को मेसेज आया था। जिस पर जागरूक उपभोक्ता लोकेश ने जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी संघमित्रा बरड़िया को फोन व वाट्स एप के माध्यम से भवानी गैस एजेंसी की करतूत की जानकारी दी। रसद विभाग की कार्यवाही से बचने के लिए गैस एजेंसी ने तुरंत प्रभाव से गाड़ी भेजकर ठगी के शिकार उपभोक्ताओं को घर जाकर रिफिल दी। ठगी के शिकार उपभोक्ताओं ने जयपुर टाईम्स समाचार पत्र को धन्यवाद देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ठगी के शिकार आमजन की आवाज को प्रमुखता के साथ उठाकर संबंधित अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करेगा। ठगी के शिकार उपभोक्ताओं ने बताया कि रसद विभाग की कार्यवाही से बचने के लिए गैस एजेंसी कार्यालय से उनके पास फोन आया, जिसमें कहा गया कि रसद विभाग से फोन आयें तो उन्हें यह बताना कि हमें रिफिल मिल गई ओर अब हम गैस एजेंसी के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं चाहते।



**भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के बिना रिफिल दिए ही आया डिलीवरी संदेश**

जयपुर टाइम्स

दूदू(निसं)। अमेरिका ईरान युद्ध की वजह से गैस एजेंसी संचालकों के बल्ले-बल्ले हो गई। बगरू स्थित भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं ने गत 10 मार्च को रिफिल बुकिंग करवाई ओर अगले दिन खाली सिलेंडर लेकर अपनी रिफिल लेने के लिए नरैना रोड़ पर पहुंचे लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेंडर की कमी का बहाना बनाकर टाल दिया। निराश उपभोक्ता के जब सांय रिफिल डिलीवरी का संदेश आया तो उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक से बात करने की कोशिश की लेकिन गैस एजेंसी संचालक ने फोन नहीं उठाया। इस पर हताश व परेशान उपभोक्ता जयकिशन व कमल ने जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी से बात करके उन्हें एजेंसी संचालक की करतूत बताई। जिस पर भवानी गैस एजेंसी ने गुरुवार व शुक्रवार को घर बैठे दोनों उपभोक्ताओं को बिना ओटीपी लिये ही रिफिल डिलीवरी कर दी। जब गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ता से बिना ओटीपी लिए स्वयं रिफिल ले सकता है तो उपभोक्ताओं को रिफिल देते समय ओटीपी देने के लिए बाध्य क्यों किया जाता है। जानकारी के अनुसार सरकार की ओर से व्यावसायिक सिलेंडर पर रोक लगा देने से गैस एजेंसी संचालकों की बल्ले-बल्ले हो गई ओर गैस एजेंसी संचालक भोले भाले ग्रामीणों के सिलेंडर स्वयं उठाकर उन्हें महंगे दामों में अन्य लोगों को देकर अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। उपभोक्ता लोकेश,रतन ने बताया कि उनके भी बिना ओटीपी दिये रिफिल डिलीवरी का संदेश आ गया जबकि उन्हें रिफिल मिली ही नहीं। मजेदार बात देखिए की जब रविवार को गैस की गाड़ी दूदू आई तो जिन उपभोक्ताओं की रिफिल गैस एजेंसी संचालक ने उठा ली, उन्हें एजेंसी कार्मिक युनुस ने सिलेंडर नहीं दिया। जबकि जिला रसद अधिकारी को शिकायत करने वाले दो उपभोक्ताओं को गुरुवार व शुक्रवार को गैस एजेंसी कार्मिक बगरू से मोटरसाइकिल पर रिफिल देने दूदू आ गए। रविवार को जब उन्होंने गैस एजेंसी में कार्यरत विक्रम नामक व्यक्ति को अनेक बार फोन किए लेकिन विक्रम ने फोन ही नहीं उठाया। गैस एजेंसी कार्मिकों की मनमानी से प्रतीत होता है कि इन लापरवाह कार्मिकों पर एजेंसी संचालक का नियंत्रण नहीं है अथवा उन्हें एजेंसी संचालक का संरक्षण प्राप्त है।

इनका कहना है:

ईओ को कल संबधित गैस एजेंसी पर जाकर जांच करने के लिए कहा है।

संघमित्रा बरड़िया, रसद अधिकारी, जयपुर जिला ग्रामीण

# परिवहन मंत्री के क्षेत्र में बिना फिटनेस-इंश्योरेंस के दौड़ रहा वाहन, कार्रवाई पर उठे सवाल




जयपुर टाइम्स

**नरैना(निस)।** उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के विधानसभा क्षेत्र दूदू में बिना फिटनेस, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन सड़कों पर दौड़ने का मामला सामने आया है। इससे परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे वाहनों से कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है। जानकारी के अनुसार टाटा कंपनी का टाटा एस वाहन (नंबर आरजे 14 जीएल 4376) पिछले तीन-चार वर्षों से दूदू क्षेत्र में मालपुरा रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले मेलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कुल्फी व दूध से बने पेय पदार्थ बेचने के लिए संचालित किया जा रहा है। वाहन को मॉडिफाई कर दुकान का रूप दिया गया है और यह अक्सर मालपुरा रोड स्थित एक निजी स्कूल के सामने खड़ा नजर आता है। बताया जा रहा है कि इस वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र 2 जून 2023, इंश्योरेंस 9 जून 2023 तथा फिटनेस 7 जून 2024 को ही समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद वाहन क्षेत्र में बेखौफ होकर संचालित हो रहा है। वाहन के पीछे नंबर प्लेट का स्पष्ट अंकन भी नहीं है, जबकि आगे लिखे नंबर के अंतिम अक्षर को लेकर भी संदेह की स्थिति बताई जा रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की जांच शायद ही कभी की जाती है। ऐसे में बिना आवश्यक दस्तावेजों वाले वाहन आसानी से सड़कों पर दौड़ते रहते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस मामले को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी सवाल उठ रहे हैं कि मंत्री के ही विधानसभा क्षेत्र में यदि ऐसी स्थिति है तो अन्य क्षेत्रों में विभागीय निगरानी का स्तर क्या होगा। परिवहन निरीक्षक फूलचंद बैरवा (जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय, दूदू) ने बताया कि संबंधित वाहन की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विराटनगर में 75 मीटर नियम के विरोध में आमसभा

## बाईपास की उठी पुरजोर मांग



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** नेशनल हाईवे 248-ए के सेंटर से दोनों ओर 75 मीटर क्षेत्र को लेकर न्यायालय के निर्णय के विरोध में सोमवार को हनुमान बगीची बस स्टैंड पर विराटनगर के प्रभावित लोगों की एक आमसभा आयोजित की गई। सभा में वक्ताओं ने न्यायालय के निर्णय पर चिंता जताते हुए जनप्रतिनिधियों से इस मुद्दे को विधानसभा और संसद में उठाकर इसमें संशोधन करवाने की मांग की।सभा में वक्ताओं ने कहा कि इस फैसले से विराटनगर के व्यापारियों और निवासियों को भारी नुकसान होगा, इसलिए सरकार को जनहित को देखते हुए राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। साथ ही लंबे समय से लंबित विराटनगर बाईपास को धरातल पर लागू करने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई। वक्ताओं ने बताया कि बाईपास के लिए पूर्व में 3डी मैपिंग और गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है, ऐसे में इसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए।सभा की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री उर्मिला योगी ने की तथा संचालन अमरनाथ गुरुजी ने किया। इस दौरान बृजमोहन सैनी, धीरेंद्र सैनी, भेरुजी ठेकेदार, जतन, हेमराज, रामेश्वर मुनीम, जगदीश यादव, रोहतास सैनी, धोनीलाल गुर्जर, प्रेम सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने मंच के माध्यम से सभा को संबोधित किया और विराटनगर के साथ अन्याय नहीं होने देने की बात कही।बैठक में 31 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन भी किया गया, जो जनप्रतिनिधियों से मिलकर समस्या के समाधान के लिए प्रयास करेगी। सभा में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही और उन्होंने मंच तथा मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा व्यक्त की।सभा के बाद सभी लोग तहसील पहुंचे और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार और जनप्रतिनिधियों से विराटनगर की समस्या को मजबूती से उठाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विराटनगर के व्यापारी और नागरिक बाजार बंद कर सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स को फोस्टेक (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को होटल प्रधान, सदर थाने के पास सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई के विक्रेता दुकानदार, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड डे मील के कुक, विभिन्न आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, आशा सहयोगिनी सहित सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा मिठाई और नमकीन विक्रेता, होटल- रेस्टॉरेंट संचालक, डेयरी संचालक, थोक व खुदरा किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय की थड़ी लगने कचोरी-पकौड़ी बनाने वाले और सभी स्ट्रीट वेंडर्स इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यावरियों को रीयूज्ड बुकिंग ऑंकल (आरयूसीओ) के उपयोग और उससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# कार और रोडवेज बस की टक्कर में 1 की मौत, 4 घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर थाने के ठीक सामने शनिवार रात्रि लगभग 10 बजे एक अनियंत्रित कार डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रही राजस्थान रोडवेज बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी रोडवेज बस अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। वही कार सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरी। देखते ही देखते घटना स्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार में मौजूद सभी घायलों को पुलिस ने लोगों की मदद से मनियां अस्पताल पहुंचाया। जिसमें दो युवकों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। अजमेर जिले के विजय नगर निवासी बस चालक नंदलाल ने बताया वह धौलपुर की तरफ से आगरा की ओर जा रहा था मनियां थाने के सामने दाई ओर से एक कार बहुत तेज रफ्तार में आगरा की और से धौलपुर की तरफ आ रही थी जो अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए हमारी बस से टकरा गई जिसमें मैं और परिचालक घायल हो गया। टक्कर बहुत जबरदस्त थी,अगर मैं बस को कंट्रोल नहीं करता तो आगे चल रही गाड़ियों से टकरा जाती और बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# भगवान के जन्म के रहस्य को जानने वाला मुक्ति का अधिकारी होता है: ज्ञानेंद्र

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** घर-घर गीता का प्रचार हो जन अभियान के अंतर्गत गांव की ओर बढ़ते हुए चरण में महाकाली मंदिर मसूरी में विश्व गीता प्रतिष्ठानम् की ओर से गीता स्वाध्याय किया गया। मीडिया प्रभारी शैलेश सक्सेना में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान डॉक्टर शैलेंद्र परिहार के बड़े भाई रामबाबू सिंह परिहार की ओर से भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। स्वाध्याय पत्र का वाचन जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा व अनुराग त्रिपाठी की ओर से सामूहिक रूप से किया गया। सुभाषित की प्रस्तुति देने के बाद विष्णु कुमार शर्मा ने विगत समय से चले आ रहे गीता स्वाध्याय की जानकारी उपस्थित लोगों को दी और इस कार्यक्रम को हमेशा चलाते रहने का संकल्प दोहराया और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में गीता स्वाध्याय से जुड़ने का आग्रह किया। अमृत वचन के माध्यम से आदित्य चौहान ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए तीन बातें बहुत आवश्यक होती है। मेहनत,धैर्य और आत्मविश्वास,जो व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता, वह कभी असफल नहीं होता मार्ग में कठिनाइयां जरूर आती है लेकिन वही कठिनाइयां हमें मजबूत बनाती है। सपने हमेशा बड़े होने चाहिए क्योंकि सपना ही हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं मेहनत का फल देर से ही सही लेकिन मिलता अवश्य है। प्रेरक प्रसंग की शानदार प्रस्तुति समाज सेवी गगन शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के विषय में एक लघु कथा के माध्यम से दी,जिसमें उन्होंने गीता की महतत्ता को प्रकट किया। नितिन दीक्षित ने उपस्थित सभी लोगों से गीता का स्वाध्याय करने का निवेदन किया और इस कार्यक्रम को जोर-शोर से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गीता के चौथे अध्याय के ग्यारहवे श्लोक तक की व्याख्या करते हुए ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि यह राज विद्या परंपरा से भगवान की ओर से समय-समय पर कही गई है,ऐसा बोलने पर अर्जुन ने भगवान से प्रश्न किया कि हे भगवान आपका और मेरा जन्म तो अभी हुआ है, फिर यह विद्या आपने पूर्व में कैसे कही इस कथन पर भगवान ने अर्जुन को उपदेश दिया के मेरे और तेरे बहुत जन्म हो चुके हैं मैं उन जन्मों को जानता हूं और प्रकृति को अधीन रखकर समय-समय पर जन्म लेता हूं। जब-जब धर्म की हानि होती है, अधर्म का बढ़ावा होता है, साधुओं के उद्धार के लिए और दुष्टों के संहार के लिए मैं जन्म लेता हूं जो मेरे इस दिव्या जन्म कर्म को जानता है वह भी मुक्त हो जाता है। मैं अजन्मा होते हुए भी, अव्यय आत्मा होते हुए भी और सारे भूतों का ईश्वर होते हुए भी प्रकृति को अपने अधीन रखकर अवतरित होता हूं। कार्यक्रम के अंत में मां गीता की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर शैलेंद्र परिहार, महेंद्र दीक्षित, दुर्गादत्त शर्मा, बृजेश शर्मा, अमित राजावत,अनुराग त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी,अंकित बंसल, सौरभ पाल, रविंद्र पाल, दुर्गा दिन सिंह भदोरिया, गजेंद्र सिंह राजावत ढोचरा, हरिओम सिंह, भोला सिंह, विष्णु सिंह तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी और महिलाएं उपस्थित रही

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

# 2 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 2 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आबकारी थाने के सामने, हल्दीघाटी मार्ग, इण्डिया गेट, महात्मा गांधी हॉस्पिटल से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में आबकारी थाने के सामने, हल्दीघाटी मार्ग, इण्डिया गेट, महात्मा गांधी हॉस्पिटल से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम की ओर से मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रणथंभौर अभयारण्य में टाइगर ने वनकर्मियों पर हमला करने का किया प्रयास, बाइक छोड़कर भाग गए वन कर्मचारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)** प्रदेश में सवाई माधोपुर स्थित विश्वविद्यालय रणथंभौर अभयारण्य में सुल्तानपुर नाके के पास बाइक पर सवार दो वन कर्मचारी अभयारण्य की निगरानी कर रहे थे तभी अचानक टाइगर रोड पर आ गया और वह बाइक पर सवार वन कर्मचारी पर हमला करने वाला ही था कि दोनों वन कर्मचारी बाइक को मौके पर ही पटक कर भाग गए बाद में टाइगर करीब 15 मिनट तक बाइक के पास घूमता रहा और बाइक के पास बैठ गया इस दौरान उसने बाइक की सीट को भी फाड़ दिया और बाइक को घसीट कर जंगल में ले जाने का प्रयास भी करता रहा लेकिन वह बाइक को जंगल में नहीं ले जा पाया बाद में खुद ही जंगल में चला गया बताया गया है कि यह तो गनीमत रही की बाइक पर सवार दोनों वन कर्मचारी समय रहते फुर्ती से तुरंत बाइक को छोड़कर वहां से भाग गए अन्यथा टाइगर के तेवर देखकर साफ लग रहा था कि वह दोनों वन कर्मचारियों को जबरदस्त तरीके से नुकसान पहुंचता जिसमें दोनों की जान भी जा सकती थी लेकिन दोनों वन कर्मचारियों ने टाइगर के मूड को अच्छी तरह से पहचान लिया था इसलिए दोनों ने सूझबूझ दिखाई और वहां से बाइक छोड़कर भाग गए अन्यथा टाइगर दोनों पर हमला करने के लिए पूरी तैयारी कर चुका था ।

# नवरात्री मेले पर बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एवं बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा का डोंगरगढ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)** रेलवे द्वारा नवरात्री मेले के अवसर पर मॉ बम्लेश्वरी मन्दिर में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एवं बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा का डोंगरगढ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20843, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस दिनांक 19.3.26 से 27.3.26 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 20844, भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 19.3.26 से 27.3.26 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20845, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस दिनांक 19.3.26 से 27.3.26 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 20846, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 19.3.26 से 27.3.26 तक डोंगरगढ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी।


# नवरात्री मेले पर मुम्बई सैंट्रल-जयपुर- मुम्बई सैंट्रल प्रतिदिन सुपरफास्ट रेलसेवा का इंद्रगढ़ सुमेरगंज मण्डी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (निस)**रेलवे द्वारा नवरात्री मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मुम्बई सैंट्रल-जयपुर-मुम्बई सैंट्रल प्रतिदिन सुपरफास्ट रेलसेवा का इंद्रगढ़ सुमेरगंज मण्डी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 12955, मुम्बई सैंट्रल-जयपुर प्रतिदिन सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 15.3.26 से 29.3.26 तक मुम्बई सैंट्रल से प्रस्थान करेगी वह इंद्रगढ़ सुमेरगंज मण्डी स्टेशन पर 8.39 बजे आगमन एवं 8.40 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 12956, जयपुर- मुम्बई सैंट्रल प्रतिदिन सुपरफास्ट रेलसेवा जो दिनांक 16.3.26 से 30.3.26 तक जयपुर से प्रस्थान करेगी वह इंद्रगढ सुमेरगंज मण्डी स्टेशन पर 16.27 बजे आगमन एवं 16.28 बजे प्रस्थान करेगी।

# करुणा के ऑसू प्रशंसनीय है, दुःख के ऑसू प्रशंसनीय नहीं हैः सूरीश्वर

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** मानव जन्म लेते हुए भी रोता है, जीवन जीते हुए भी दु:खों के कारण रोता है और प्रायः करके रोते-रोते ही मरता है। परंतु लोकोत्तर पुरुष तीर्थकर परमात्मा की आखों में कभी ऑसू नहीं आते है। उनको जन्म मध्य रात्रि में होता है फिर भी चारों दिशा में प्रकाश हो जाता है। सातों नरकों में प्रकाश हो जाता है। जगत् में रहे सभी जीवों को सुख की प्राप्ति होती है। जन्म के समय वे स्वयं हंसते है और जगत् को भी हंसाते है। आचार्य रत्नसेन सुरिश्वर महाराज ने सोमवार को श्री चार थुई जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि परमात्मा का जन्म जगत के कल्याण के लिए होता है। परमात्मा सर्वजीवों का कल्याण चाहते हैं। उनके जन्म के समय नारकीय जीवों को भी क्षण मात्र के लिए सुख की प्राप्ति होती है। संपूर्ण जगत में एक आभामंडल छा जाता है। परमात्मा के जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होती है। न पारिवारिक समस्या, न शारीरिक समस्या एवं न राजकीय समस्या तीर्थकर के जीवन में होती है। दीक्षा के बाद प्रायः तीर्थकरों को उपसर्ग नहीं होते। मात्र पार्श्वनाथ भगवान और महावीर स्वामी के छद्मस्थ काल में उपसर्ग हुए थे।

# जिला कलक्टर के निर्देश पर अवैध गैस रिफिलिंग एवं कालाबाजारी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## 56 घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडर सहित उपकरण जब्त

## जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में तीन विशेष प्रवर्तन दल सक्रिय

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अवैध रिफिलिंग, अवैध भंडारण तथा कालाबाजारी के विरुद्ध सघन कार्रवाई की जा रही है।
जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण की ओर से जयपुर शहर में कार्रवाई के लिए तीन विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया। कार्रवाइयों के दौरान कुल 56 घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 04 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 04 कांटे तथा 03 रेगुलेटर (रबर पाइप सहित) जब्त किए गए। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस से प्राप्त सूचना के आधार पर ब्रह्मपुरी क्षेत्र, आमेर रोड जयपुर में कार्रवाई के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग की पुष्टि हुई। मौके से 20 घरेलू गैस सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रॉनिक मोटर एवं 02 कांटे जब्त किए गए। वहीं, पुलिस की सूचना के आधार पर गोपालपुरा बाईपास स्थित श्याम एवं गोयनका जनरल स्टोर पर कार्रवाई की गई। यहां घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी किए जाने की पुष्टि होने पर 23 घरेलू गैस सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रॉनिक मोटर व 2 कांटे जब्त किए गए। वहीं विष्णु मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान व्यवसायिक गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी की पुष्टि हुई। मौके से 13 व्यवसायिक गैस सिलेंडर तथा 03 रेगुलेटर (रबर पाइप सहित) जब्त किए गए।

### *गैस एजेंसी का निरीक्षण*

*विशेष प्रवर्तन दल द्वारा एक गैस एजेंसी का भी निरीक्षण किया गया। एजेंसी संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा एजेंसी परिसर में आमजन की अनावश्यक कतारें नहीं लगने देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अवैध गैस रिफिलिंग एवं कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन - सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' के तहत यह अभियान निरंतर जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रिफिलिंग, भंडारण या कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जयपुर शहर के आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफिलिंग केंद्र, अवैध भंडारण या कालाबाजारी गतिविधि की सूचना विभाग को तत्काल दें, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।*

# नया जोयला में 19-20 मार्च को सजेगा श्री बायोसा माताजी का पंचम मेला महोत्सव

## भजन संध्या, कलश यात्रा व महाप्रसादी के होंगे आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/शिवगंज(निस)।** सिरोही जिले के नया जोयला स्थित श्री बायोसा माताजी (गोंगावा) मंदिर में 19 व 20 मार्च को पंचम मेला महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय इस भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन परम भक्त दरगाराम कुमावत, भक्तराज पुखराज, भोपाजी बदाराम कुमावत तथा कोटवाल सोनाराम कुमावत के सानिध्य में होगा। मेले में भजन संध्या, कलश यात्रा, महाप्रसादी सहित कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं और क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### यह रहेंगे प्रमुख कार्यक्रमः

महोत्सव के पहले दिन 19 मार्च को रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक जीवाराम धनारी तथा गायिका पूजा जोगसन अपनी मधुर भक्ति प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। वहीं दूसरे दिन 20 मार्च को प्रातः 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लेंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी दिन दिन और रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भजन गायक ललित संत और भरत माली (कैलाशनगर) अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर करेंगे। महोत्सव में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन ऋषभ नागर की ओर से किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत मारवाड़ी नृत्य, धार्मिक झांकियां और भक्ति संगीत भी मेले का विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अंजलि लाइव यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा।

### तैयारियां अंतिम चरण में:

मंदिर समिति की ओर से मेले को लेकर व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर और आसपास विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता बायोसा के दर्शन कर मेले की शोभा बढ़ाने की अपील की है।
दो दिवसीय इस महोत्सव को लेकर नया जोयला और आसपास के गांवों में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# समालखा में संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सम्पन्न, संगठन विस्तार व सामाजिक समरसता पर जोर

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 13 से 15 मार्च तक हरियाणा के समालखा में आयोजित हुई। बैठक में संगठन कार्य के विस्तार, राष्ट्रहित में समाज की सज्जन शक्ति की सक्रिय भागीदारी तथा सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल ने सोमवार को सेवा सदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बैठक में संत शिरोमणि सद्गुरु श्री रविदास जी के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का वक्तव्य भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विभाजनकारी शक्तियां समाज को जाति और वर्ग के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं, तब संत रविदास जी के जीवन संदेश को समझते हुए समाज की एकात्मता के लिए कार्य करना आवश्यक है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि बीते वर्ष में संघ के संगठनात्मक कार्य में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। संघ की शाखाओं की संख्या लगभग छह हजार बढ़कर 88 हजार से अधिक हो गई है, जबकि कार्यस्थलों की संख्या 55 हजार से अधिक हो गई है। इसके साथ ही साप्ताहिक मिलन और मंडलियों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। संघ का कार्य अब अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंच चुका है, जहां नियमित रूप से शाखाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि संगठन विस्तार के साथ संघ समाज में गुणवत्ता संवर्धन के लिए भी कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भारतीयता अथवा हिंदुत्व को उन्होंने जीवन शैली बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से समाज में श्रेष्ठ मूल्यों का विस्तार किया जा सकता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि महापुरुषों के कार्यों को जाति और पंथ के भेद से ऊपर उठकर स्वीकार करना चाहिए। इसी भावना के तहत संघ के स्वयंसेवकों ने नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के बलिदान के 350वें वर्ष पर देशभर में दो हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें सात लाख से अधिक लोग शामिल हुए। वहीं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ भी उत्साहपूर्वक मनाई गई। आगामी वर्ष में संत रविदास जी के 650वें प्राकट्य वर्ष पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में संघ के नियमित प्रशिक्षण वर्गों के अंतर्गत 11 क्षेत्रों में वर्गों के साथ नागपुर में एक वर्ग सहित कुल 96 प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। देश के दूरस्थ क्षेत्रों में भी संघ कार्य के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा है। अंडमान के नौ प्रमुख द्वीपों से 13 हजार से अधिक लोग सरसंघचालक की उपस्थिति में आयोजित हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए, जबकि अरुणाचल प्रदेश में आयोजित 21 स्वधर्म सम्मेलनों में 37 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। राजस्थान में भी संघ के संगठनात्मक कार्य का विस्तार निरंतर हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 7,910 स्थानों पर संगठनात्मक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। प्रदेश में कुल 12,109 शाखाएं और 5,950 मिलन चल रहे हैं। समाज के व्यापक संपर्क के लिए प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। अब तक 7,175 सम्मेलनों में 27,918 गांवों की भागीदारी रही। इन सम्मेलनों में लगभग 35,03,278 पुरुष और 41,26,687 महिलाएं शामिल हुईं। इस प्रकार कुल 76,30,965 लोगों की सहभागिता दर्ज की गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बढ़ाने, संवाद स्थापित करने और सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राजाखेड़ा में गैस सिलेंडरों पर मूल्य वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने जलाया प्रधानमंत्री का पुतला

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा में सोमवार को कांग्रेसियों ने गैस की बढ़ती कीमतों और किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार को इन समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया। खाड़ी युद्ध के बाद घरेलू गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों और आमजन को हो रही परेशानी को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया गया। राजाखेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत विदेश नीति और आर्थिक नीति के कारण देश में यह संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव से देश के हितों की रक्षा करने में यह सरकार विफल हो चुकी है, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए बीते दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की थी जिसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। इसी के साथ समय पर आपूर्ति नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। बढ़ी कीमतों के कारण लोगों की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है जिससे महिलाओं को विशेष परेशानी हो रही है। इसलिए इस मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस लेकर लोगों को राहत दी जाए और उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति देना सुनिश्चित किया जाए। इससे पहले सभी कांग्रेसियों ने राजाखेड़ा स्थित जिला प्रमुख निवास पर पहुंचकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा इसके बाद कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कस्बे के पुलिस चौकी टाउन के पास पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। इस दौरान निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र सिंह निषाद, नगर अध्यक्ष नवल सिंह, जितेंद्र तिवारी, सुरेश बघेल, नाहर सिंह जाटव राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# AI और डीपफेक का बढ़ता खतराः आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराधी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है। इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति फोन या मैसेज के माध्यम से 'अभी पैसे भेजो' या 'तुरंत ट्रांसफर करो' जैसे संदेश देता है तो सतर्क हो जाएं। कई बार अपराधी डर, घबराहट या गोपनीयता का हवाला देकर जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए दबाव बनाते हैं।

# भाजपा की अलख जगाने वाले कर्मयोगी किशनलाल खंडेलवाल को श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर की राजनीतिक और सामाजिक जीवन में संगठन, सेवा और संघर्ष की मिसाल बने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक व भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता किशनलाल खंडेलवाल के देवलोक गमन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका 12 मार्च को निधन के बाद मंगलवार को सुमेरपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि किशनलाल खंडेलवाल का जीवन संगठन के प्रति समर्पण, सादगी और संघर्ष की प्रेरणादायक मिसाल रहा है। उन्होंने ऐसे समय में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को सुमेरपुर की धरती पर मजबूत करने का कार्य किया, जब यहां पार्टी का कोई जनाधार नहीं था और संगठन की पहचान भी सीमित थी।

**जीवन का हर पल राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए समर्पितः**

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है, लेकिन इस मजबूत संगठन की नींव उन तपस्वी कार्यकर्ताओं के त्याग और संघर्ष से तैयार हुई है, जिन्होंने बिना किसी पद और अपेक्षा के वर्षों तक संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि किशनलाल खंडेलवाल ऐसे ही कर्मयोगी कार्यकर्ता थे, जिन्होंने अपने जीवन का हर पल राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए समर्पित किया। राठौड़ ने कहा कि जब सुमेरपुर में भाजपा का कोई आधार नहीं था, उस समय खंडेलवाल ने अपने व्यवसाय के साथ-साथ संगठन की जिम्मेदारी उठाई और पार्टी का ध्वज लेकर गांव-गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को भाजपा की विचारधारा और जन कल्याणकारी नीतियों से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उनका उत्साह और समर्पण कभी कम नहीं हुआ।
वक्ताओं ने बताया कि उस दौर में उनके साथ केवल कुछ समर्पित कार्यकर्ता ही जुड़े थे। इनमें घनश्याम नागर, बाबूभाई रेडिएटर, बिहारीलाल मेवाड़ा जैसे साथी प्रमुख थे। ये सभी मिलकर स्वयं जाजम बिछाते, छोटी-छोटी बैठकों का आयोजन करते और लोगों के घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराते थे।
उस समय संगठन का विस्तार करना आसान नहीं था। कई बार उन्हें विरोध और कठिन परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ा। कुछ स्थानों पर उनके साथ अपमानजनक व्यवहार भी हुआ, लेकिन एक सच्चे स्वयंसेवक की तरह उन्होंने कभी हार नहीं मानी और धैर्य तथा दृढ़ता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहे।


**कठिन परिस्थितियों में भी की सेवाः**

वक्ताओं ने कहा कि किशनलाल खंडेलवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय स्वयंसेवक थे और जनसंघ के दौर से ही संगठन से जुड़े हुए थे। आपातकाल के कठिन समय में भी उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनता के बीच सेवा कार्य किए और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहते हुए वे नगर पालिका सुमेरपुर के निर्वाचित सदस्य भी रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनहित से जुड़े कई मुद्दों को उठाया और जनता के बीच अपनी सादगी और सहज व्यवहार के कारण विशेष पहचान बनाई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज सुमेरपुर में भाजपा जिस मजबूत स्थिति में दिखाई देती है, उसके पीछे किशनलाल खंडेलवाल जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं का वर्षों का परिश्रम और संघर्ष है। उन्होंने न केवल संगठन को मजबूत किया।

# पिछली सरकारों ने आस्था का अनादर किया, रूढ़िवादी मानती थी, वरना राममंदिर पहले बन जाता : योगी आदित्यनाथ

## सुमेरपुर के समाजसेवी पंकज राज मेवाड़ा को अमेरिका की यूनिवर्सिटी देगी मानद डॉक्टरेट

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सुमेरपुर के समाजसेवी पंकज राज मेवाड़ा को अमेरिका की यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी की ओर से सोशल वर्क के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट (ऑनरेरी डॉक्टरेट) से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 29 मार्च को नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सत्या साईं ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। मूलत: जोधपुर निवासी मेवाड़ा लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को लगातार 32 दिनों तक भोजन उपलब्ध कराया तथा मास्क, सेनेटाइजर वितरण और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था में भी सहयोग किया। वर्तमान में वे डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सुमेरपुर शाखा के चार्टर अध्यक्ष हैं। इसके साथ ही नेत्र जांच और मोतियाबिंद शिविरों के माध्यम से 2000 से अधिक लोगों के ऑपरेशन करवाने में भी उन्होंने भूमिका निभाई है। समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए यह सम्मान पाली जिले के लिए गौरव की बात माना जा रहा है।

## भारतवर्षीय स. दि. जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था के चुनाव सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** अखिल भारतवर्षीय समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था के केंद्र के चुनाव कोटा में संपन्न हुए। जिसमें बिजौलियां के नरेंद्र कुमार जैन महामंत्री और मुकेश धनोपिया संयुक्त मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष सुरेश चंद्र हरसोरा कोटा चुने गए और कोषाध्यक्ष के लिए बूंदी के महावीर धनोपिया निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और स्वागत किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में बूंदी, कोटा, हाड़ौती, मेवाड़ मालवा और जयपुर के 73 केंद्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर आरके जैन रहे। नवनिर्वाचित केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कोटा प्रांत के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, बूंदी के अध्यक्ष भीमराज, मेवाड़ प्रांत के कल्याणमल धनोपिया, जयपुर प्रांत के अनिल हरसोरा के अलावा पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन, पूर्व मंत्री नरेश सुरलाया व नए निर्वाचित उपाध्यक्ष भगवती लाल मोहिवाल मौजूद रहे।

## पेश इमाम को नजराना पेश कर किया इस्तक़बाल



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** मदरसा शाह कलंदरिया में पेश इमाम जाकिर हुसैन को नजराना पेश कर इस्तक़बाल किया गया। कमेटी के सदर हाजी सत्तार फौजदार, सेक्रेटरी सद्दाम हुसैन शाह, खजांची अनवर हुसैन और सरपरस्त हाजी मुख्तियार भाई ने पेश इमाम जाकिर हुसैन को 21हजार का नजराना दिया और समस्त कमेटी ने सभी लोगों का माला पहनकर स्वागत किया। साथ ही छोटी मस्जिद के पेश ईमाम केसर राजा को भी नजराना पेश किया गया। इस मौके पर अख्तर भाई, निसार कुरैशी, हाजी अकरम लोहार, शाहिद हुसैन, सद्दाम शाह, साबिर शाह, हाजी रुस्तम अली, हबीबुर रहमान, परवेज आलम, इमरान हुसैन और समाज बंधु मौजूद रहे।

## गिरधरपुरा के चरागाह में लगी आग, कई पेड़ जले; धुआं स्कूल तक पहुंचने से मची अफरातफरी

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** क्षेत्र के गिरधरपुरा गांव स्थित चरागाह भूमि में अचानक आग लगने से सोमवार को अफरातफरी मच गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे चरागाह में खड़े कई पेड़ जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। आग से उठता घना धुआं पास ही स्थित सरकारी स्कूल तक पहुंच गया, जिससे वहां पढ़ रहे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



जानकारी के अनुसार चरागाह क्षेत्र में अचानक आग भड़क उठी, जिससे आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका और आग को आगे फैलने से रोका गया। गिरदावर संजय पाराशर ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया गया, जिससे बड़ी जनहानि या अधिक नुकसान होने से बचाव हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आग की घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने चरागाह भूमि में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### सिरे मंदिर स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वीं वर्षगांठ पर महायज्ञ और धर्मशाभा का आयोजन

जयपुर टाइम्स






**जालोर(निस)।** जालोर में सिरे मंदिर में रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को गोरक्ष धाम गोरखपुर के मठाधीश एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भैरवनाथ अखाड़े के महंत पीर गंगानाथ महाराज की पावन उपस्थिति में महायज्ञ और धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति देकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने आस्था का अनादर किया, वे इसे अंधविश्वास मानती थी, वरना राममंदिर पहले ही बन जाता, लेकिन मोदीजी ने सनातन की आस्था को भारत की आस्था माना। योगी ने कहा कि जातियां समाज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का माध्यम हैं, लेकिन जातिवाद उस व्यवस्था को विकृत कर देता है। भारत में जन्म लेना दुर्लभ है और मनुष्य के रूप में जन्म लेना उससे भी अधिक दुर्लभ है। दुनिया में करीब 200 देश हैं, लेकिन भारत जैसा देश कहीं नहीं है। योगी ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी को अद्भुत बताते हुए कहा कि महाराजा मानसिंह ने शिलालेखों के माध्यम से यहां के इतिहास को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने सिरे मंदिर की कारीगरी को दुर्लभ और अद्भुत बताया। इसे देश दुनिया देखने आती है। यह कला अद्भुत है और ईश्वर की देन है। जोधपुर के महाराजा नरेश मानसिंह ने शिलालेखों पर इतिहास को सहेजा है। उस समय मानसिंह ने 3 लाख 51 हजार रुपए खर्च किए थे, जो आज के समय में करोड़ों रुपए के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि जौहर राजस्थान की परंपरा का तेज है, जिसने वीरांगनाओं के आत्मसम्मान और बलिदान की गौरवगाथा को अमर किया। जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी के समय और उसके बाद भी जौहर की परंपरा देखने को मिली है। यह परंपरा वीरों और वीरांगनाओं के बलिदान से बनी है। धर्म समाज को जोड़ने का माध्यम होना चाहिए। जातियां समाज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने का माध्यम हैं, लेकिन जातिवाद उस व्यवस्था को विकृत कर देता है। इस अवसर पर श्री जालंधर नाथ जी की धन्य धरा पर अति प्राचीन श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्म सभा में भेरुनाथ जी अखाड़े के महंत पीर गंगानाथ महाराज, गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज, श्री बाबा मस्तनाथ पीठाधीश्वर व तिजारा के विधायक योगी बालकनाथ महाराज, फतेहपुर सीकर के अमृत नाथ जी का आश्रम के महंत योगी नरहरि नाथ महाराज, पिपलिया कला के संतोष नाथ जी का धुणा के महंत व नाथ संप्रदाय के पूर्व राजा योगी संध्यानाथ महाराज, पलासनी चिड़िया नाथ जी का आसन के महंत योगी डॉक्टर गिरवरनाथ महाराज, गोगामेड़ी हनुमानगढ़ के श्री गुरु गोरखनाथ जी का टिल्ला के महंत योगी रूपनाथ महाराज, जोगीढाणा हरियाणा के महंत योगी केशवनाथ महाराज, करड़ा भीनमाल के महंत योगी काशीनाथ महाराज, भतृहरि गुफा उज्जैन मध्य प्रदेश के महंत रामनाथ महाराज, नोहर हनुमानगढ़ के अमरनाथ जी का मठ के महंत योगी पंचम नाथ महाराज, हरियाणा सिरसा में स्थित सरसई नाथ जी का मठ के महंत योगी सुंदरईनाथ महाराज, भीडभंजन महादेव जेतपुर गुजरात के महंत योगी कमलनाथ, जस्सानाथ जी का आश्रम रास ब्यावर के महंत नारायणनाथ महाराज, ओगड़नाथ जी का मठ सुराणा जालोर के महंत मंगलाईनाथ महाराज, योगी विक्रमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी ईश्वर नाथ, योगी, रामेश्वरनाथ, योगी रेवती नाथ, योगी शेरनाथ, योगी गोपालनाथ, योगी निर्भयनाथ, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग समेत कई साधु संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन व्यवस्थापक पारसमल परमार और नरपत आर्य ने किया। साथ ही पारसमल परमार ने सिरे मंदिर में गुरु परम्परा की पूरी जानकारी दी। मंदिर समिति और शहर व ग्रामीण लोगों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

### सिरे मंदिर के बंदरों ने सिखाया जीवन का सच:

योगी ने कहा कि मंदिर में आते समय उन्हें बताया गया कि यहां बंदर चौक है। बड़ी संख्या में बंदर वहां आ गए थे। हम देखते हैं कि बंदर छीना-झपटी करते हैं, लेकिन यहाँ के बंदरों पर भी आध्यत्मिकता का प्रभाव है। हमने एक बंदर को रोटी दी, उसे दूसरी दे रहे थे, लेकिन उसने दूसरी नहीं ली। जब तक उसने पहली खा नहीं ली। अगर मनुष्य भी अपने जीवन में हड़पने और संचय करने की बजाय, जिसके पास नहीं है उसके पास पहुंचाने का भाव रख ले तो अशांति का भाव दूर किया जा सकता है। अराजकता को दूर किया जा सकता है।

### नशे और स्मार्टफोन से दूर रहने की सलाह:

योगी ने कहा कि योग करें, व्यायाम करें। इससे जीवन व्यवस्थित होगा और आगे बढ़ेगा। स्मार्टफोन से समय भी खराब होता है और आंखें भी खराब होती हैं। इससे सोचने की शक्ति भी कमजोर होती है। लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं और गेम बच्चों के जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। नशा और स्मार्टफोन से दूर रहने की जरूरत है। स्मार्टफोन का सीमित उपयोग करें, परिवार को समय दें, और पूजा तथा भोजन के समय फोन को दूर रखें। फ्री होने के बाद कॉल कर लें।

### सिरे मंदिर की राह अब हुई आसान:

जालोर शहर से सिरे मंदिर तक पैदल पहुंचने में करीब एक घंटा लगता है। पहले पीर शांतिनाथ महाराज और अब गंगानाथ महाराज ने यहां तक आने के लिए अच्छा मार्ग बनवा दिया है, जिससे अब यहां पहुंचना आसान हो गया है। करीब 15 साल पहले प्राण प्रतिष्ठा के समय उन्हें यहां आने का मौका मिला था, तब रास्ता सकरा और कठिन था। उन्होंने कहा कि यहां का आध्यात्मिक प्रभाव अलग ही है, हजारों लोग एकत्रित होकर बिना भय के शिष्यभाव में डूबे हुए हैं और पूरा वातावरण आध्यात्मिक भाव से भरा हुआ है। भारत के पास एक लंबी विरासत और समृद्ध परंपरा योगी ने कहा कि दुनिया में कोई व्यक्ति जन्म कहीं भी ले सकता है, लेकिन ऋषियों, मुनियों, संतों और योगेश्वरों की परंपरा से जुड़ने का अवसर हर जगह नहीं मिलता। भारत के पास एक लंबी विरासत और समृद्ध परंपरा है। सनातन परंपरा में व्यक्ति किसी न किसी ऋषि के साथ अपने गोत्र को जोड़ता है और किसी परंपरा से जुड़कर उसी में रच-बस जाता है, जिससे परिवार और अपनत्व का भाव दिखाई देता है। ऐसा केवल भारत में ही संभव है। इसी भाव के कारण ईश्वर भी दुनिया में कहीं और अवतार नहीं लेते, बल्कि भारत में ही अवतरित होते हैं।

### राम मंदिर निर्माण और राजस्थान की वीरभूमि का उल्लेख

योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 1947, 48, 49 और 50 के समय भी हो सकता था, लेकिन उस समय ऐसा नहीं हुआ और सरकारें इसके उलट तर्क देती रहीं। कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट में यह तक कहते थे कि राम हुए ही नहीं और कृष्ण हुए ही नहीं। योगी ने कहा कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम का अपमान करने वालों को जनता ने भी जवाब दिया। आज अयोध्या धाम में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। जब 145 करोड़ लोग एक स्वर में बोलते हैं तो 500 साल पुरानी समस्या का भी समाधान हो जाता है और आगे भी एकजुट होकर कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। राजस्थान वीर भूमि है।

## राजस्थान दिवस के तहत जिले में निबंध, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान दिवस समारोह 2026 के तहत विद्यार्थियों के लिए कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 15 व 16 मार्च को जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 'राजस्थान को जानें' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अंतर्गत निबंध, भाषण तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावा 'राजस्थान को जानें' क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, जो 19 मार्च तक जारी रहेगी। इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। साथ ही विद्यालयों के स्टाफ, अधिकारी व कर्मचारी भी इसमें सहभागिता कर ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को राजस्थान के इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराना तथा उनमें राज्य के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना विकसित करना है।

## श्री शिव हनुमान युवक मंडल की कार्यकारिणी का गठन

**चौमूं(निस)।** शहर के धोली मंडी स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर में श्री शिव हनुमान युवक मंडल के पदाधिकारी व सदस्य की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुमावत में बताया कि 1 अप्रैल को सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्ग से निकालने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पदाधिकारियो ने नवीन कार्यकारिणी का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी है।


**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम भगवती शर्मा (BHAGAWATI SHARMA) से बदल कर भगवती शर्मा (BHAGWATI SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम भगवती शर्मा (BHAGWATI SHARMA) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**भगवती शर्मा पत्नी मुकेश कुमार शर्मा, निवासी भांगीवाद, तहसील सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**


## साप्ताहिक समीक्षा बैठक: राजस्थान दिवस कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखें तथा समय-समय पर पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभावी व व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण करें, ताकि आमजन की सहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई व प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता व प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित व तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

### युवा शक्ति महोत्सव का होगा आयोजन:

उन्होंने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस 2026 के अन्तर्गत 17 मार्च को युवा शक्ति महोत्सव का आयोजन नगर परिषद टाउन हॉल में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


NOTICE OF LOSS OF SHARES OF
HINDUSTAN UNILEVER LIMITED
(Formerly Hindustan Lever Limited (HUL))
**Regd. Off. Hindustan Unilever Limited,Unilever House, B D Savant Marg, Chakala, Andheri (East) Mumbai - 400 099**

Notice is hereby given that the following share certificate has been reported as lost/misplaced and Company intends to issue duplicate certificates in lieu thereof, in due course.
Any person who has a valid claim on the said shares should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 15 days hereof.

| Name of the holder | Folio No. | No. of shares (Re.1/- F.V) | Certificate No.(s) | Distinctive No.(s) |
|---|---|---|---|---|
| Sushma Shivpuri | HLL2874 680 | 810 | 5222163 | 1067874300 |

Date: 18 March, 2026



**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BARDOTI**
**PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**
S.NO: 2025-26/BARDOTI/181-1/347 DATE 16-03-2026

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One construction work at GP BARDOTI P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 5.00 Lacs

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB02888
Tender ID - 2026_PRD_546442_1

**Prashasak**
**Gram Panchayat**
**BARDOTI**

**VDO**
**Gram Panchayat**
**BARDOTI**

## गैस सिलेंडर कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, घंटाघर पर पीएम का पुतला फूंका



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को रतनगढ़ शहर में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ता शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर पर एकत्रित हुए और वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से गैस सिलेंडर के दाम कम करने और आमजन को राहत देने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया तो पार्टी की ओर से आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

## रतनगढ़ में पुतला दहन के दौरान हंगामा, बुजुर्ग से धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के ऐतिहासिक घंटाघर के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार को हंगामे की स्थिति बन गई। प्रधानमंत्री के पुतला दहन के दौरान एक बुजुर्ग की ओर से विरोध जताने पर विवाद बढ़ गया और मौके पर धक्का-मुक्की की घटना सामने आई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में घंटाघर पर एकत्रित हुए थे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान पुतला दहन की तैयारी के बीच वहां मौजूद एक बुजुर्ग व्यक्ति ने इसका विरोध जताया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विरोध के दौरान कुछ लोगों के साथ उनकी कहासुनी हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बुजुर्ग व्यक्ति के साथ धक्का-मुक्की होती दिखाई दे रही है। वीडियो में एक स्थानीय यूट्यूब चैनल संचालक का नाम भी चर्चा में आ रहा है, जिस पर बुजुर्ग के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। घटना के बाद शहर के लोगों और विभिन्न संगठनों ने नाराजगी जताते हुए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी भी व्यक्ति विशेषकर बुजुर्ग के साथ दुर्व्यवहार उचित नहीं है। फिलहाल इस घटना को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।



## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस).** श्री तुलसीराम रामनारायण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शोभासर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रोशन अली ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि इमरान खान उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के अनेक नागरिक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सुमन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, श्रमदान और विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सहप्रभारी श्रीमती यशोदा तथा विद्यालय के अन्य विद्वान स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, एनएसएस के स्वयंसेवक विद्यार्थी तथा गांव के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

## खाद्य व्यापारियों को मिलेगा फॉस्टेग प्रशिक्षण

**जयपुर(कास)।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर प्रथम क्षेत्र में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स के लिए फॉस्टेग (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार, 17 मार्च को दो विभिन्न स्थलों पर दो बैच में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सामुदायिक केन्द्र, दूध मंडी, सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर (शास्त्री नगर) में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 04 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार पतासे वालों की बगीची, मोती डूंगरी रोड, जयपुर में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों की ओर से दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# पेयजल संकट को लेकर विधायक बुड़ानिया धरने पर बैठे

### सरकार व जलदाय विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधानसभा क्षेत्र में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में विधायक बुड़ानिया ने अधिशाषी अधिकारी राजेश जागिड़ को ज्ञापन सौंपकर पेयजल व्यवस्था सुधारने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बेहद खराब हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर 7-7 दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है, जबकि अंतिम छोर के कई गांवों में पानी बिल्कुल नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्र में भी दो-दो दिन के अंतराल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक बुड़ानिया ने कहा कि पूरे क्षेत्र में पानी की किल्लत से लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। 20 मार्च से दो माह के लिए नहरबंदी प्रस्तावित है। यदि इससे पहले पानी का पर्याप्त भंडारण नहीं किया गया तो हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि पानी की कमी के कारण आमजन के साथ-साथ आवारा पशु और जीव-जंतु भी प्यास से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में टैंकर माफिया सक्रिय हो गए हैं और गरीब लोगों को 1000 से 1500 रुपए तक देकर टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है। यदि यही पानी पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए तो आमजन को सस्ते में पानी मिल सकता है। विधायक बुड़ानिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिन के भीतर मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस पार्टी की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान संजय कस्वां, विमला कालवा, हरिसिंह बेनिवाल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांड्या, वेदप्रकाश सहारण, मोहरसिंह ज्याणी, भागीरथ भामी, दौलत मेघवाल, भंवरू खां, सहदेव भाटी, मुंशी खां, किस्तूर फौजी, मोहर सिंह धाणक, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, राकेश शर्मा, राजवीर पूनियां, जयसिंह कुकणा, विकास धेतरवाल, रामनिवास, रामस्वरूप झाझड़िया, पप्पू गोस्वामी, अदरीश सैय्यद, हनुमान सिंह, शीशपाल धीनवाल, सरीफ लुहार, आसिफ, गोविंद धालोड़, प्रकाश खैरवा, योगेश वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उल्लेखनीय कार्य करने पर पांच महिलाओं को मिला श्रेष्ठा 2026 अवार्ड




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला शक्ति को श्रेष्ठा 2026 सम्मान से नवाजा गया है। एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशान्त पारीक ने बतया कि ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा को भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया है। शर्मा ने अपनी साधना और प्रतिभा से ध्रुपद जैसी प्राचीन और गूढ़ संगीत परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। देश-विदेश में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्होंने भारतीय संस्कृति और संगीत की गरिमा को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी को सक्रिय जनसेवा, ग्राम पंचायत के विकास, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर प्रेरणास्पद कार्य करने पर सम्मानित किया गया। महिलाओं को आगे बढ़ाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास सविता राठी कर रही हैं। इसी प्रकार साहित्यकार साधना प्रधान सुजानगढ़ की एक सम्मानित और सक्रिय समाजसेवी महिला हैं, जो सामाजिक कार्यों और जनसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता के कार्यों में लगातार सक्रिय रहने पर उन्हें सम्मानित किया गया। योग विशेषज्ञ अंजनी सैन, श्रद्धा सैन को योग से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर सम्मानित किया गया है। माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित सम्मान समारोह में क्लब के अनेक सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 86 वर्षीय चौरड़िया की मौत, लेकिन आंखे रहेंगी जिन्दा

### नेत्रदान का साहसिक निर्णय बना प्रेरणा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नेत्रदान को लेकर लायन्स क्लब द्वारा लगतार फैलाई जा रही जागरूकता के सकारात्मक परिणाम सामने अने लगे हैं। सुजानगढ़ निवासी 86 वर्षीय भींवराज चौरड़िया पुत्र स्वर्गीय करणीदान चौरड़िया का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन के पश्चात उनके परिवारजनों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वप्रेरणा से उनकी दोनों आंखें नेत्रदान कर समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लायंस क्लब सुजानगढ़ के अध्यक्ष लायन प्रशांत पारीक ने बताया कि स्व. भींवराज चौरड़िया के पुत्र रूपचंद चौरड़िया और संजय चौरड़िया ने अपने पिता की आंखें दान करने का सराहनीय और साहसिक निर्णय लिया। नेत्रदान की प्रक्रिया सरदारशहर आई बैंक के दिनेश शर्मा, भंवरलाल प्रजापत, नेत्रदान समन्वयक गणेशदास स्वामी, समाजसेवी श्याम सुंदर स्वर्णकार व लायंस क्लब के प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी सुभाष चोपड़ा सुजानगढ़ द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न करवाई गई। लायंस क्लब सुजानगढ़ के जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया एवं डायरेक्टर लॉयन कमला सिंघी ने चौरड़िया के परिवार के इस महान निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नेक कार्य समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला और अत्यंत प्रेरणादायी उदाहरण है और भविष्य में और लोगों को भी नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। स्व. भींवराज चौरड़िया अपने पीछे पुत्र रूपचंद चौरड़िया, संजय चौरड़िया तथा पुत्रियां विनीता, सविता और सीमा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## पुलिस लाइन मैदान में ईद महोत्सव मेले का शुभारंभ

### पहले दिन उमड़ी खरीदारों की भीड़



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के पुलिस लाइन मैदान स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने रविवार को मारवाड़ हैंडीक्राफ्ट की ओर से ईद महोत्सव मेले का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीआईजी जय यादव और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मेले में लगी विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मेले के पहले ही दिन बड़ी संख्या में शहरवासियों ने पहुंचकर खरीदारी की और मेले का आनंद लिया। मेला संचालक बलदेव सैनी ने बताया कि मेले में शहरवासियों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पाद वाजिब दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मेले में वुडन आइटम, सौंदर्य प्रसाधन, गिफ्ट आइटम, खाद्य उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट सामग्री, गारमेंट, हैंडलूम, आर्टिफिशियल ज्वैलरी और प्लास्टिक के उत्पादों की कई स्टॉल्स लगाई गई हैं। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं, जो बच्चों और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में शहर और आसपास के क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर सदर थानाधिकारी स्वाति (डीएसपी), मनोज शर्मा, डॉ. नदीम खान, शंकरलाल सैनी, पवन यादव, पप्पू गुर्जर, कैलाश सैनी और नौरंग खोथ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार मेला आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें शहरवासियों के लिए विभिन्न आकर्षक गतिविधियां और खरीदारी के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## महिलाओं ने गणगौर उत्सव में किया लोक संस्कृति को साकार

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित नगर श्री सभागार में छः न्याति ब्राह्मण महासंघ जिला महिला श्री मांडी गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इकाई अध्यक्ष दीपिका शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि रजनी सहल व वीणा गौड़ थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणगौर माता का पूजन कर किया गया। रंग-बिरंगे परिधानो में सजी-धजी युवतियों व महिलाओं ने लोक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर विजयलक्ष्मी त्रिवेदी, सुषमा शर्मा, विमला शर्मा, निर्मला जोशी, विद्या बाघ, शशि चंदेल, पुष्पा तंवर, अचला शर्मा ने गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। इसी क्रम में रेखा शर्मा, निशा शर्मा, कृतिका शर्मा, विनिता शर्मा, उषा सैनी, विजयश्री व पूजा ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि हिन्दू संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम जरूरी है। इस अवसर पर दीपिका शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा व सौहार्द का भाव पैदा होता है। इससे पूर्व महिला ईकाई सदस्य चंदा बंशिया, नीरू शर्मा, प्रीति दाधीच, सरिता इंदोरिया, विमला जोशी, ममता शर्मा, नेहा, मोनिका शर्मा, शशी चोटिया व इशिता शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। विदेशी पर्यटकों ने भी कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में हारमोनियम पर विजयलक्ष्मी व ढ़ोलक पर लीलाधर कथक ने संगत दी। कार्यक्रम का संचालन आनंद बाला दुबे ने किया।

## मधुकर सेवा संस्थान की ओर से शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ, कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर बाड़ी रोड पर मधुकर सेवा संस्थान द्वारा संचालित प्याऊ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक प्रो. राम अख्तयार सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने प्याऊ पर सेवा दे रही माताजी का माल्यार्पण कर सम्मान किया और स्वयं अपने हाथों से राहगीरों को जल पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि धौलपुर जैसे क्षेत्र में गर्मियों के दौरान तापमान काफी अधिक रहता है, ऐसे में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना बेहद पुण्य का कार्य है। उन्होंने इसे ईश्वरीय सेवा के समान बताते हुए समाजसेवियों की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों व समाजसेवियों ने भी राहगीरों को शरबत व स्वल्पाहार वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। मधुकर सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. राधेश्याम गर्ग ने बताया कि संस्थान की ओर से पिछले एक वर्ष से इस स्थान पर नियमित रूप से शीतल जल प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही संस्थान समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम और भारत माता के जयघोष के साथ किया गया।

## निजी चिकित्सालय संचालकों की एक दिवसीय कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** स्वास्थ्य भवन जालोर मे निजी चिकित्सालय संचालकों के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हमथानी व जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में आरसीएचओ डॉ राजकुमार बाजिया ने पीसीटीएस पोर्टल, इम्पेक्ट, निक्षय पोर्टल, यूविन पोर्टल व विभागीय अन्य पोर्टल पर नियमित सूचनाओं को निर्धारित समयावधि में अपडेट करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एएसओ चन्द्रशेखर जैन ने मातृ व शिशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए पीसीटीएस एवं यूवीन पोर्टल में टीकाकरण, प्रसव एवं अन्य विभिन्न सूचनाओं को अपडेट करने संबधित जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिला एवं शिशुओं को लगने वाले सम्पूर्ण टीकाकरण की सूचनाओं को युविन पोर्टल पर अपडेट करने संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्वयक इमरान बेग ने पीपीआईएस योजना के बारे मे जानकारी देते हुए विगत वर्ष में निजी क्षेत्र में उपचारित टीबी रोगियों सूचनाओं पर चर्चा की व निक्षय पोर्टल पर टीबी रोगी की सूचना अपडेट करने में की जाने वाली गतिविधियां एवं निजी क्षेत्र में टीबी रोगी को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही पीपीआईएस योजना के तहत निजी चिकित्सालय को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में शंकर सुथार जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुखबिर योजना, फार्म एफ का संधारण, इम्पेकट सॉफटवेयर में सूचनाओं का अपडेशन व अधिनियम की पालना नहीं करने पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे मे जानकारी देते हुए कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने एवं कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो तो उसकी सूचना देने के निर्देश दिए। मुखबिर योजना की जानकारी अपने चिकित्सा संस्थान में प्रदर्शित करने जानकारी दी।

## उपखंड अधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार ने सोमवार को राजलदेसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लैब और दवा वितरण केंद्र सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि सीएचसी में प्रतिदिन करीब 500 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में यहां पदस्थापित चिकित्सकों में डॉ. कपिल धाभाई सेवाएं दे रहे हैं। वहीं एक्स-रे मशीन खराब होने की जानकारी भी निरीक्षण के दौरान सामने आई। उपखंड अधिकारी ने बताया कि अस्पताल परिसर में चिकित्सकों के क्वार्टर की आवश्यकता को देखते हुए सीएमएचओ के माध्यम से प्रस्ताव भेजा जाएगा, ताकि भविष्य में चिकित्सकों के लिए आवास की व्यवस्था की जा सके। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के फाउंडर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन का महत्वपूर्ण दिन है और आप लोगों ने डॉक्टर व इंजीनियर बनने का जो सपना देखा है, वो निश्चित रूप से पूरा होगा। ये कॉचिंग इंस्टीट्यूट सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि आपके सपनों की प्रयोगशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने तथा मजबूत कॉन्सेप्ट पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के को-फाउंडर इंजी. पीयूष ढूकिया ने विद्यार्थियों को नई सोच और आधुनिक तकनीक के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसी क्रम में सेंटर हेड डॉ. शिखा सहाय तथा एडमिन हेड जितेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों को अपना परिचय देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासन और नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## रमजान में जकात का महत्वः धनवानों के लिए अनिवार्य, गरीबों की मदद से बढ़ता है भाईचारा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** इस्लाम धर्म में जकात को पांच मुख्य स्तंभों में से एक माना गया है। बिसाऊ मार्ग स्थित अबूब्रक मस्जिद में सोमवार को आयोजित जकात को लेकर आयोजित संगोष्ठी में मस्जिद के सदर हाजी एफजे खत्री ने इसके महत्व को समझाया है। जकात एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक समानता लाने का काम करती है। इसके तहत धनवान लोगों को अपनी संपत्ति का एक हिस्सा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए देना होता है। रमजान का पवित्र महीना जकात देने के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान दी गई जकात को अधिक पुण्य का कार्य माना जाता है। इस्लाम के नियमों के अनुसार, निर्धारित मात्रा में धन रखने वाले हर मुस्लिम के लिए जकात देना अनिवार्य है। यह केवल एक धार्मिक कर्तव्य ही नहीं है। यह समाज में भाईचारा और सद्भावना बढ़ाने का माध्यम भी है।

## लोकेन्द्र शेखावत ने मण्डावा नगर पालिका ईओ का कार्यभार संभाला



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिका को सोमवार को दूसरा अधिशासी अधिकारी (ईओ) मिल गया है। राज्य सरकार के आदेश पर लोकेन्द्र सिंह शेखावत को मण्डावा नगरपालिका में ईओ नियुक्त किया गया है। वे अजमेर नगर निगम से यहां आए है । उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब नियमित प्रशासनिक व्यवस्था मिलने की उम्मीद है। पदभार संभालने के बाद ईओ शेखावत ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और तत्परता से करने का आश्वासन दिया। इससे पहले जैकीराम गोयल अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे थे, उन्हें एपीओं कर दिया गया है। शेखावत के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कस्बेवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नव नियुक्त ईओ का स्वागत किया। इस अवसर पर एसएन बावलिया, आनन्द बिहारी सोलकी, कपिल बावलिया, राजपाल सिंह, सुरजीत सिंह, तेजपाल सैन, डॉ0 चन्द्रभान सैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## योगेंद्रसिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर 18 को रक्तदान शिविर

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के निकटवर्ती गांव ढाणी छतुसिंह निवासी स्वर्गीय योगेंद्रसिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 18 मार्च बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कस्बे के एम.के. मल्टीस्पेशलिस्ट क्लिनिक में सुबह 8 बजे से शुरू होगा। शिविर का आयोजन योगेंद्रसिंह राठौड़ के पिता प्रतापसिंह राठौड़ के सौजन्य से किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के माध्यम से योगेंद्रसिंह राठौड़ की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने क्षेत्र के युवाओं और आमजन से रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# झुंझुनूं में कांग्रेस महिला मोर्चा ने चूल्हे पर चाय बनाईः गैस संकट को लेकर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं (निस)।** झुंझुनूं रसोई गैस संकट और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया। मंडावा विधायक और जिलाध्यक्ष रीटा चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस की महिला मोर्चा की महिलाओं ने चूल्हें पर चाय बनाई और मौके पर मौजूद सभी को वितरित की। इस मौके पर पीएम मोदी का पुतला भी जलाया गया।

**खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ताः**

प्रदर्शन के दौरान मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने कहा- गैस सिलेंडर के लिए आम आदमी को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। सरकार और प्रशासन केवल झूठे वादे कर रहे हैं। धरातल पर गैस आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। गृहणियों के लिए चूल्हा जलाना दूभर हो गया है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग सो रहे हैं।

**'जिम्मेदारी नहीं निभा सकते तो दें इस्तीफा':**

प्रदर्शन में शामिल सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने भी कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें चुनकर भेजा है, वे अपनी नैतिक जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं और रसोई गैस जैसी अनिवार्य वस्तुएं उपलब्ध नहीं करा सकती, तो जिम्मेदारों को पदों पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, पिलानी विधायक पितराम काला और पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने भी सम्बोधित किया।

## मुंबई में सैनी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह में झुंझुनूं के लोगों ने लिया भाग

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** मुंबई महानगर के मीरा- भायंदर शहर में सैनी युवा प्रतिष्ठान, सैनी समाज की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं संस्था के माध्यम से होने वाले विवाह - नव दंपतियों का सम्मान संस्था संरक्षक बजरंग सिंह चौहान, मुरली बालाण व पूर्व अध्यक्ष करणीराम दहिया ने किया। मुख्य अतिथि किशोर विश्वेश्वर सतरावला भाजपा युवा नेता व समाजसेवी रहे। विशिष्ट अतिथि गोपाल बालाण जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा चुरु व समाजसेवी रणवीर कटारिया रहे। आंमत्रित अतिथि मीरा -भांयदर के विधायक नरेंद्र एल मेहता रहे। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण त्यौहार है। मुंबई सैनी समाज की एकता व अथक प्रयासों से अवगत कराया। सुभाष चूड़ीवाल व टीम की ओर से मधुर संगीत व धमाल का कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ नागरिकों व अतिथियों व समाज प्रतिभावों का सम्मान सीए हजारीलाल बालाण अध्यक्ष, निवास पंवार सचिव, रामावतार किरोड़ीवाल कोषाध्यक्ष व उनकी टीम ने प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया। महिला कार्यकारिणी में राधा बालाण व ग्यारसी दहिया ने अहम भूमिका निभाई। श्रीमती पूनम बबेरवाल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच संचालन किया गया कार्यक्रम में झुंझुनूं जिले के नवलगढ़, मुकुंदगढ़, बगड़, चिराणा, पिलानी, उदयपुरवाटी, चिड़ावा, खेतड़ी, बड़ागांव सहित अनेक कस्बों के लोगों ने आयोजित समारोह में भाग लिया। उपाध्यक्ष रामलाल तंवर, सह सचिव सुरेश राजोरिया,सह कोषाध्यक्ष रमेश सुईवाल, कवि दिनेश्वर माली, मीडिया प्रभारी राजकुमार समेत बड़ी संख्या में अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

## रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** ग्राम शोभासर के राजकीय हॉस्पिटल में मंगलवार को एन एस ग्रुप शोभासर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इमरान खान बनवारी लाल स्वामी ने बताया कि भामाशाह नारायण अग्रवाल के जन्म दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल में मंगलवार को सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## *जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा 30 को*

जयपुर टाइम्स

*__झुंझुनूं(निस)।__ मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अंतर्गत नियुक्त कार्मिकों के लिए जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. अजय कुमार आर्य ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 से पूर्व नियुक्त तथा अनुकम्पा नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि के भीतर कार्यरत ऐसे कार्मिक (कनिष्ठ सहायक), जिन्होंने अभी तक कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर आधारित टंकण गति परीक्षा 30 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से ग्रुपवार राजकीय पॉलोटेक्निक महाविद्यालय, आबूसर (झुंझुनूं) की कम्प्यूटर लैब में आयोजित होगी। एडीएम आर्य ने बताया कि जिन कार्मिकों ने कम्प्यूटर आधारित टंकण गति परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे अपने प्रवेश पत्र जिला कलक्टर कार्यालय, कक्ष संख्या 100 (संस्थापन अनुभाग) से 23 व 24 मार्च 2026 को कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवेश पत्र जारी करने के संबंध में अलग से कोई आदेश या सूचना जारी नहीं की जाएगी।*

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** झुंझुनू जिले के नाटास गांव में शनिवार को 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कन्याओं व महिलाऔ ने कलश शोभा यात्रा में भाग लिया। यह शोभा यात्रा नाटास गांव के ठाकुर के मंदिर से शुरू हुई। चतुर्भुज दादा के मंदिर पहुंची, वहां पर पूजा-अर्चना कर जल भरा गया। इसके बाद डीजे बाजे भजन गाते नाचते हुए कलश यात्रा वापस ठाकुर जी मंदिर पहुंची। कथा का विधिवत प्रारंभ 14 मार्च को दोपहर 12:00 से होगा। मार्च तक भागवत कथा का वाचन करेंगे। इस ज्ञान यज्ञ का समापन 21 मार्च को होगा। ग्रामीणों में सत्यनारायण केडिया गोपी शर्मा मनीराम शर्मा दयाराम शर्मा प्रवीण केड़िया अजय केडिया किशन केड़िया मैना केड़िया आशा केडिया मोनिका केडिया शीतल केड़िया सुमन केडिया आदि ग्राम वासी मौजूद रहे सुनिल स्वरूपानन्द जी महाराज अयोध्या धाम ने बताया कि भागवत कथा से मन को शांति और आत्मा को शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि यह कथा जीवन को सकारात्मक दिशा देने और आंतरिक शक्ति को पहचानने में सहायक है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सुनिल स्वरूपानन्द जी महाराज अयोध्या धाम की कथा से ज्ञान और भक्ति की प्राप्ति होगी, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## गायों को खिलाया दलिया व गुड़

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** पशु चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. मनोज बुडानिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर जुबली पिंजरापोल गोशाला में सोमवार शाम को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पिता हवासिंह बुडानिया, चाचा राजकरण बुडानिया , भरत सिंग बुडानिया भाई सुरेन्द्र बुडानिया, राजकरण, बलवान फौजी, पुत्र कार्तिक, हर्ष बुडानिया सहित उनके परिजनों व परिचितों ने गौसेवा करते हुए गायों को दलिया व गुड़ खिलाकर उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनोज बुडानिया के जीवन व उनकी ओर से पशु सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ राजकुमार फग़ेडिया ने कहा कि डॉ. बुडानिया ने अपने जीवनकाल में पशुओं की सेवा को ही अपना धर्म माना और हमेशा जरूरतमंद पशुपालकों की सहायता के लिए तत्पर रहे। पुण्यतिथि के अवसर पर गौसेवा करते हुए गायों को दलिया व गुड़ खिलाया गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान शिक्षक संघ एकीकृत प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पूनिया, बलवंत पुनिया, घनश्याम सहारन, श्योराम, रघुवीर सिंह, राजकरण, भरत सिंग सुरेंद्र, रघुवीर सिंह, बलवान, सोमवीर रवींद्र पूनिया आदि उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया।

## अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बिना वैद्य परमिशन के व्यावसायिक निर्माण का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को शिकायत करके मामले में कार्यवाही की मांग की गई है। इस बारे में लाडनू रोड़ निवासी राशिद अहमद ने उपखंड अधिकारी को शिकायत कर बताया कि लाडनू रोड़ पर बिना भू उपयोग परिवर्तन किए और बिना नगरपरिषद की परमिशन के ही अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा है। मामले में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने नगरपरिषद आयुक्त को लिखा और उसके बाद मौके पर कर्मचारियो को भेजकर निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया है। नगरपरिषद के एस आई मुन्नालाल मीणा ने बताया कि मौके पर कर्मचारियों को भेजकर कार्य बंद करवाया गया है।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक : डी-2227-2231 दिनांक : 11.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदासूचना संख्या : 38/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत कमरा निर्माण, भवन मरम्मत, सड़क निर्माण एवं सड़क मरम्मत कार्य कुल 04 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जातीहै। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. - PWD252646099 के UBN No. निम्नप्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB25413 | 2. | PWD2526WSOB25414 |
| 3. | PWD2526WSOB25415 | 4. | PWD2526WSOB25416 |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड - तारानगर

DIPR/C/5390/2026



## कार्यालय ग्राम पंचायत बालेरा पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प. बा 2025-26 / 190-195 दिनांक :-13/01/2026

**निविदा सूचना 12/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो को 3 माह हेतु सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों से टेडर प्रक्रिया द्वारा आफलाईन निविदायें आमंत्रित कि जाती है । उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है।

उवत से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http//SPPP. rajasthan. gov.in NIB NO ZCR2526A1706 UBN No ZCR 2526 WSOB 02934 Download कर देखी जा सकती है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बालेरा**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बालेरा**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**



## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/14067 दिनांकः-13/03/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि ने अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धार 69-क / कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्वम पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पद आवंटन हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | आसा-पासा | पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती अंजू देवी पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार जाति- चिण्डालिया | उत्तर- भू-खण्ड संख्या 22<br>दक्षिण भूखण्ड संख्या 16<br>पूर्व- दुकान नं 10 एवं मूल. 16<br>पश्चिम - रास्ता 30 फुट चौड़ा | वार्ड न- 06 राजलदेसर | 2414/130 | 167.22 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 02 | श्रीमती अंजू देवी पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार जाति- चिण्डालिया | उत्तर- भू-खण्ड संख्या 21<br>दक्षिण भूखण्ड संख्या 19<br>पूर्व दुकान नं. एवं भूस<br>पश्चिम - रास्ता 30 फुट चौड़ा | वार्ड न- 06 राजलदेसर | 2414/130 | 167.22 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 03 | श्रीमती पुष्पा देवी पानी श्री सम्पतमल जाति चिण्डालिया | उत्तर- भू-खसंख्या 20<br>दक्षिण भूखण्ड संख्या 18<br>पूर्व दुकान नं. 6 एवं भू.सं. 7<br>पश्चिम - रास्ता 30 फुट चोडा | वार्ड न- 06 राजलदेसर | 2414/130 | 167.22 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 04 | श्रीमती पुष्पा देवी पानी श्री सम्पतमल जाति चिण्डालिया | उत्तर- भू-खण्ड संख्या 19<br>दक्षिण भूखण्ड संख्या 17<br>पूर्व- दुकान न. 4<br>पश्चिम - रास्ता 30 फुट चौड़ा | वार्ड न- 06 राजलदेसर | 2414/130 | 167.22 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 05 | श्रीमती पुष्पा देवी पानी श्री सम्पतमल जाति चिण्डालिया | उत्तर- दुकान न. 3<br>दक्षिण- दुकान न. 3<br>पूर्व रास्ता 60 फुट चौड़ा<br>पश्चिम - भूखण्ड संख्या 16 | वार्ड न- 06 राजलदेसर | 2414/130 | 59.16 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 06 | श्रीमती विजय लक्ष्मी बुच्या पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जाति- दुच्या (ओसवाल | उत्तर- रास्ता<br>दक्षिण-माली सैनी समाज भवन<br>पूर्व- नन्दलाल दाधीच<br>पश्चिम - रास्ता | वार्ड न- 16 राजलदेसर | - | 286.43 वर्गमीटर | 69-क |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
17 मार्च, 2026

# चैत्र नवरात्र है शक्ति साधना, राम जन्मोत्सव और अंक ज्योतिष का अद्भुत संयोग : नामदेव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारत की सनातन संस्कृति में चैत्र नवरात्र को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्र का शुभारंभ होता है और नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। 19 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र के ये दिन आध्यात्मिक साधना, शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि के लिए सर्वोत्तम माने जाते हैं। अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि चैत्र नवरात्र के साथ ही हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होती है। प्रकृति में इस समय नया जीवन दिखाई देता है। पेड़ों में नई कोंपलें निकलती हैं, वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है और मन में भी नई उम्मीदों का जन्म होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि चैत्र नवरात्र का समय देवी शक्ति की आराधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इन दिनों में व्रत, जप, तप और साधना करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और ग्रहों से



उत्पन्न कई प्रकार की बाधाएं भी कम हो जाती हैं। नवरात्र के नौ दिनों में माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। जिनमे क्रमशः माता शैलपुत्री, माता ब्रह्मचारिणी, माता चंद्रघंटा, माता कुष्मांडा, माता स्कंदमाता, माता कात्यायनी, माता कालरात्रि, माता महागौरी, माता सिद्धिदात्री स्वरूपों की पूजा करने से जीवन में शक्ति, ज्ञान, समृद्धि और सफलता की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार नवरात्र के दिनों में की गई पूजा-अर्चना और साधना का फल कई गुना अधिक मिलता है। इन दिनों में देवी मंत्रों का जाप, कन्या पूजन और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

## अंक ज्योतिष में नवरात्र का है विशेष महत्वः

नवरात्र का संबंध अंक ज्योतिष से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। अंक ज्योतिष में संख्या 9 को पूर्णता, शक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र भी नौ दिनों तक चलता है, इसलिए इसका विशेष महत्व माना जाता है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि अंक ज्योतिष के अनुसार संख्या 9 साहस, धर्म, त्याग और विजय का प्रतीक है। इसलिए नवरात्र के नौ दिनों में देवी की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने की संभावना बढ़ जाती है। वर्ष 2026 का अंक ज्योतिषीय योग भी विशेष माना जा रहा है। यदि 2026 के अंकों को जोड़ा जाए (2026 = 10 और 10 = 1) तो इसका मूलांक 1 बनता है, जो सूर्य का अंक माना जाता है। सूर्य शक्ति, नेतृत्व और नई शुरुआत का प्रतीक है। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार 2026 में चैत्र नवरात्र का पर्व लोगों के जीवन में नई शुरुआत, आत्मविश्वास और ऊर्जा लेकर आने वाला माना जा सकता है। यह समय नए कार्यों की शुरुआत, संकल्प और आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत शुभ हो सकता है।


## रामनवमीः मर्यादा पुरुषोत्तम का जन्मोत्सव

नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। यह भगवान श्रीराम के जन्म का पावन दिवस है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में धर्म, सत्य और आदर्शों का पालन किया। रामनवमी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामचरितमानस का पाठ, भजन-कीर्तन और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। श्रद्धालु भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव बताते हैं कि भगवान राम का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, हमें सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव के अनुसार नवरात्र के दौरान कुछ सरल उपाय करने से जीवन में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। जैसे प्रतिदिन माता दुर्गा के मंत्रों का जाप करें। जरूरतमंद लोगों को भोजन और वस्त्र दान करें। कन्या पूजन कर उनका आशीर्वाद लें। घर में सुबह-शाम दीपक जलाकर माता का स्मरण करें। इन उपायों से व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आने की संभावना बढ़ जाती है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव छोटड़िया स्थित श्रीकरणी गोरख गौशाला संस्थान परिसर में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण में आस्था व्यक्त की। संस्थान के सचिव गोपालदान चारण ने बताया कि कथा के शुभारंभ पर गांव के ठाकुरजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो करणी माता मंदिर व बालाजी मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के दौरान भगवान शंकर-पार्वती तथा राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिनके दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कथा के प्रथम दिन बाल संत भोले बाबा ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलियुग में भगवान के नाम जप और कीर्तन का विशेष महत्व है। उन्होंने गोसेवा के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि गायों में सभी देवी-देवताओं का वास माना गया है और गोसेवा से सभी देवता प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि गाय के दूध, दही और घी के सेवन से शरीर को पौष्टिक तत्व प्राप्त होते हैं और कई प्रकार के रोग स्वतः ही दूर हो जाते हैं। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य यजमान सरोज देवी व रामस्वरूप शर्मा ने विधि-विधान से व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूर्णाराम उपाध्याय, धुड़ाराम सुथार, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष शम्भुदान चारण, प्रहलाददान चारण, गणपतराम नाई, देवाराम नायक, ओमप्रकाश मेघवाल, महावीर जोशी, तोलाराम उपाध्याय, परमानंद उपाध्याय, जेठाराम सुथार, गौरदान चारण, सागरमल जोशी, धर्मचंद सुथार, दल्लूराम सुथार, छगनलाल सुथार, पेमाराम नाई, कमलकिशोर पारीक, इंद्रसिंह सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन होगा। वहीं रात्रि 8 से 10 बजे तक नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसका वाचन संत विद्यासागर महाराज करेंगे।



## विनोद कुमार ने संभाला कोतवाली सीआई का पदभार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** आरपीएस विनोद कुमार को सुजानगढ़ कोतवाली थाने का सीआई लगाया गया है। पहले पदस्थापित कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा को पांच सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए चूरू भेजा गया है। इस बारे में चूरू एसपी जय यादव ने आदेश जारी किए। जिसके बाद विनोद कुमार ने सुजानगढ़ पहुंचकर कोतवाली सीआई का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## विशेष सक्षम लोगों के लिए नालसा स्कीम के बारे में दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पी एल वी विजय पाल श्योराण ने नालसा स्कीम फॉर स्पेशली एब्ल्ड पर्सन्स, बाल विवाह रोकथाम, स्थाई लोक अदालत आदि के बारे में घंटाघर, स्टेशन रोड़ पर 5-6 जगह लोगों को इकट्ठा कर जानकारी दी। मंगलवार को अधिकार मित्र विजय पाल की ओर से पंचायत समिति सुजानगढ़ व उसके आस पास में ट्रांसफार्मिंग टयूजडे.. थीम के अनुसार विभिन्न जन जागरूकता और विधिक जानकारी के लिए नियमित साप्ताहिक अभियान सुबह 8 बजे से 1 बजे तक चलाया जाएगा।

## गणगौर स्नेह मिलन समारोह 21 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा राज परिवार की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 21 मार्च को शाम साढ़े चार बजे मण्डावा गढ़ में गणगौर स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज परिवार के प्रतिनिधि क्रमशः ठाकुर शिवार्जुन सिंह, ठा. अनिरूद्ध सिंह तथा ठा.अंगद देव सिंह सहित अंचल के जनप्रतिनिधि व गण मान्य लोग कार्यक्रम में शिरकत करेगें। इस दौरान गढ़ में गणगौर माता का मेला भरेगा तथा गणगौर की राज साही ठाठ से सवारी भी निकाली जाएगी।

## राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत राजस्थान युवा शक्ति दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजे सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण सूचना केंद्र सभागार में किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में पदस्थापित नवनियुक्त कार्मिक भाग लेंगे।

## खाण्डल विप्र युवा मंडल का होली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** खाण्डल विप्र युवा मंडल के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह रविवार सायं स्थानीय मंगल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा (संरक्षक, खाण्डल विप्र सेवा संस्थान) के सानिध्य तथा संस्थान अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, संस्थान अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया, देवेन्द्र जोशी (जयपुर), डॉ. पंकज काछवाल, आनन्द रिणवा (फरीदाबाद), मनोज जोशी, मनीष रिणवा, रमेश चोटिया, संजय पुरोहित, विजय कुमार चोटिया, तुलसीराम चोटिया, मनोज बंणसीया (नीम का थाना), बुधमल माटोलिया, गजानन्द मंगलहारा, देवकीनन्दन रिणवा, पवन माटोलिया, सत्यनारायण पुरोहित तथा रामकिशन माटोलियाकी ओर से मंगलदत्त महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व गणेश वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों व विशिष्टजनों का दीपक डिडवाणिया, प्रकाश भुढाढरा, अनूप पिपलवा, दिवाकर बंणसीया, प्रदीप रिणवा, मनमोहन बोचीवाल, योगेश मंडगीरा, राजेश सेवदा, अमित मंगलहारा, प्रिंकेश बबील, मधुसूदन चोटिया, संतोष माटोलिया, श्याम सुंदर चोटिया, कन्हैयालाल भुढाढरा, देवकीनन्दन मंगलहारा, निरुपम मंगलहारा, भूनेश मंडगीरा, कमलेश जोशी, कृष्ण चोटिया, गजराज बंणसीया, गणेश जोशी, मनमोहन सेवदा, मोहित बंणसीया, पवन पिपलवा, श्याम बंणसीया, नीलमणि नोहाल, श्याम सुंदर बंणसीया, सुमित भुढाढरा, नवीन बाठोलिया, पवन चोटिया, रजत बंणसीया, रामकिशोर नोहाल, राधेश्याम पिपलवा एवं पवन मंगलहारा की ओर से दुपट्टा व कंठहार पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## कार ने पैदल चल रही महिला को मारी टक्कर, मौके पर ही मौत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा के मुकुन्दगढ़ रोड़ पर एक सड़क हादसे में गाड़ी की टक्कर लगने से महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। कार के चालक ने तेज ओर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे राह चलती एक महिला को पिछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वही गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को मौजुद लोगो ने तत्काल मंडावा सामुदायिक अस्पताल पहुचाया जहॉ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना को लेकर मंडावा एएसआई संजीव कुमार ने बताया कि मंडावा में मुकुन्दगढ़ रोड़ पर स्थित इंडियन स्कूल के पास 65 वर्षीय चीनादेवी निवासी गोदु का बास अपने पीहर मीठवास आई हुई थी। चीनादेवी मीठवास से पैदल सड़क किनारे चलती हुई दवाई लेने के लिए मंडावा अस्पताल आ रही थी। उन्होने बताया कि मीठवास की ओर मंडावा की तरफ आ रही गाड़ी के चालक ने तेज गति ओर लापरवाही के गाड़ी चलाते हुए महिला चीना देवी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गई। मौजूद लोगो ने तत्काल अस्पताल पहुचाया जहॉ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुची मंडावा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। ए एस आई संजीव कुमार ने बताया कि घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब हो गया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।

## स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां, समय पर नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीण परेशान



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद में स्वच्छ भारत अभियान की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। गांव के कई वार्डों और मुख्य रास्तों पर नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं, जिससे आसपास दुर्गंध फैल रही है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। नियमित सफाई न होने के कारण इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों को स्वच्छ रखने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जाजोद में जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को लाखों रुपये का बजट जारी किया जाता है, लेकिन ग्राम पंचायत जाजोद इसमें लापरवाही बरत रही है। दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिनों पहले गांव के मुख्य चौक में पानी की ट्यूबवेल स्वीकृत हुई थी। इसके निर्माण से निकली मिट्टी अभी तक वहीं पड़ी है, जो हवा के कारण उड़कर आसपास की दुकानों और घरों में पहुंच रही है। इससे ग्रामीणों में सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इस संबंध में भी पंचायत प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने पंचायत प्रशासन से जल्द नालियों की सफाई करवाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। सफाई व्यवस्था को लेकर ग्राम विकास अधिकारी अंजू लता से बात की गई तो उन्होंने जल्द ही समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर झुंझुनूं आयोग के कार्यों की प्रदेश स्तर पर सराहना



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन में झुंझुनूं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यों की विशेष सराहना की गई। सम्मेलन में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा ने झुंझुनूं आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक प्रकरणों का निस्तारण कर झुंझुनूं आयोग ने उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता आयोगों का मूल उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को सरल, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है तथा झुंझुनूं जिला उपभोक्ता आयोग इस दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मनोज कुमार मील के नेतृत्व में झुंझुनूं आयोग की बेंच ने बड़ी संख्या में प्रकरणों का निस्तारण कर प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया, जो पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायक है। जयपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में उपभोक्ता मामलों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने, उपभोक्ता अदालतों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने तथा उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा हुई। सम्मेलन में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमरिंदर प्रताप साही, उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा, राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा तथा उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव अम्बरीष कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, न्याय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के उपयोग के लिए भी आह्वान किया गया। सम्मेलन में उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त वस्तुओं के उपयोग की शपथ भी दिलाई गई।

## सामुदायिक भवन को प्रशासन के संरक्षण में लेने की मांग, सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास के कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी के मार्फत भेजकर सामुदायिक भवन को प्रशासन के संरक्षण में लिए जाने या मोहल्ले के लोगों की कमेटी का गठन करके सुपुर्द किए जाने की मांग की है। नया बास के लोगों ने पार्षद तनसुख प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय में नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपकर बताया गया लगातार तीसरा ज्ञापन हम लोग सौंप रहे हैं, उसके बावजूद भी व्यक्ति विशेष के कब्जे से नया बास स्थित सामुदायिक भवन को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं करवाया गया है और न ही सामुदायिक भवन को खाली करवाया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिव शक्ति मंदिर परिसर पर तत्कालीन विधायक रामेश्वरलाल भाटी के कार्यकाल में सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया गया था, जिसकी चाबी घर नजदीक होने के कारण मोहल्ले के लोग महावीर पोसवाल के घर पर रखते थे। लेकिन उसने इस सामुदायिक भवन में अपने निजी संस्थान का कार्यालय खोल लिया और वो अपना हक इस सामुदायिक भवन पर जताने लगा। इस अवैध कब्जे के कारण मंदिर की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसलिए इस परिसर से व्यक्तिगत कब्जे को खाली करवाकर सामुदायिक भवन को या तो प्रशासन अपने संरक्षण में ले या फिर मोहल्ले के लोगों की कमेटी का गठन करके सामुदायिक भवन के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार, रविन्द्र पाण्डे, सुरेंद्रसिंह, सांवतसिंह, सांवरमल, भागीरथ, गणपत, गोपालराम, प्रहलाद, पूसादास, विमल कुमार, सुरेश, अरविंद, रामरतन, राकेश सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# परसरामपुरा में फागोत्सव में उमड़ा सैलाब



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)}** परसरामपुरा का शास्त्री फार्म हाउस में गत रात को पूर्व मंत्री व डा. राज कुमार शर्मा की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों का उत्साह से साथ भाग लिया। फागोत्सव की मस्ती के बीच ऐसा जनउत्सव देखने को मिला कि हर किसी की जुबान पर है कि ऐसा जनसमर्थन कभी देखा ही नहीं हर कोई बस अपने नेता अपने भाई अपने बेटे डॉ राजकुमार शर्मा से मिलने और उनके साथ एक तस्वीर लेने को आतुर नजर आया नवलगढ़ क्षेत्र के परसरामपुरा स्थित शास्त्री फार्म हाउस में आयोजित फागोत्सव इस बार बड़ा ही खास बन गया। जैसे ही डॉ. राजकुमार शर्मा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, पूरे माहौल में उत्साह की लहर दौड़ गई लोगों का अपने नेता के प्रति स्नेह साफ दिखाई दे रहा था। कोई उनसे गले मिल रहा था, कोई आशीर्वाद दे रहा था तो कोई उनसे आशीर्वाद ले रहा था। सबसे दिलचस्प नजारा तब देखने को मिला जब लोगों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ सी मच गई। हर कोई अपने मोबाइल में उस पल को कैद करना चाहता था। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर व्यक्ति अपने 'राजकुमार' के साथ एक तस्वीर लेने को उत्साहित दिखाई दिया। फागोत्सव में माता-बहनों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही, उन्होंने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शिरकत की और आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। चारों तरफ होली की मस्ती, मिलन और अपनत्व का माहौल दिखाई दिया। युवा विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने आए सभी लोगों के लिए भोजन की भी शानदार व्यवस्था की गई थी, जहां लोगों ने प्रेम और भाईचारे के साथ प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि परसरामपुरा के शास्त्री फार्म हाउस में आयोजित यह फागोत्सव अब तक का सबसे बड़ा और यादगार आयोजन बन गया है। होली की मस्ती के बीच हुआ यह आयोजन केवल एक त्योहार नहीं बल्कि जनता और अपने नेता के बीच मजबूत रिश्ते की पहचान है। परसरामपुरा में हुआ यह फागोत्सव अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है, और लोग इसे अब तक का सबसे यादगार फागोत्सव बता रहे हैं।